# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 13 अगस्त-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 234 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3










## एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में बोला चुनाव आयोग

# 'हम शुद्धिकरण अभियान चला रहे रोकने के बजाय हमारी मदद करें'




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन विवाद को मुख्य रूप से विश्वास की कमी का मुद्दा करार दिया। चुनाव आयोग ने दावा किया कि 7.9 करोड़ मतदाताओं में से लगभग 6.5 करोड़ लोगों को कोई दस्तावेज जमा नहीं करना पड़ा, क्योंकि वे या उनके माता-पिता 2003 की मतदाता सूची में शामिल थे।

चुनाव आयोग की ओर से सीनियर वकील राकेश द्विवेदी ने तर्क रखे। सुनवाई के दौरान द्विवेदी ने कहा कि हम शुद्धिकरण अभियान चला रहे हैं। इसे रोकने की कोशिश करने के बजाय, हमारी मदद करें। द्विवेदी ने कहा कि यह एक ड्राफ्ट रोल है। हमने नोटिस दिया है कि कृपया अपनी आपत्तियां और सुधार आवेदन जमा करें। फिलहाल कुछ दोष होना स्वाभाविक बात है।

**विश्वास की कमी का मामला: एससी** – जस्टिस सूर्यकांत और जोयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह मुख्य रूप से विश्वास की कमी का मामला प्रतीत होता है और कुछ नहीं। पीठ ने याचिकाकताओं की ओर से आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने पर सवाल उठाया, जिसमें दावा किया गया था कि यह अभ्यास एक करोड़ मतदाताओं को मताधिकार से वंचित कर देगा।

**नागरिकता के सबूत पर बहस :** पीठ ने याचिकाकर्ता और राजद नेता मनोज झा की ओर से पेश सीनियर वकील कपिल सिब्बल से कहा, 'अगर 7.9 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ ने एसआईआर का जवाब दिया, तो यह एक करोड़ मतदाताओं के गायब होने या मताधिकार से वंचित होने की थ्योरी को खारिज करता है।' शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग के उस फैसले से भी सहमति जताई जिसमें आधार और मतदाता पहचान पत्र को नागरिकता का निर्णायक सबूत नहीं माना गया और कहा कि इसे अन्य दस्तावेजों के साथ समर्थन करना होगा।

**कबिल सिब्बल का क्या है तर्क :** कबिल सिब्बल ने तर्क दिया कि आधार, राशन और ईपीआईसी कार्ड होने के बावजूद अधिकारियों ने इन दस्तावेजों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। एससी की पीठ ने कहा, 'क्या आपका तर्क यह है कि जिन लोगों के पास कोई दस्तावेज नहीं हैं, लेकिन वे बिहार में हैं, उन्हें राज्य का मतदाता माना जाए?

## सांसद अतुल गर्ग ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

# कहा, मनुष्य के लिए पहले जीवन पशु बाद में







### - मेनका गांधी से कहा भेड़-बकरियों ने किसी का क्या बिगाड़ा है



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा आवारा कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाए जाने और उनको हटाने के फैसले का स्वागत करते हुए, इसकी सराहना की है। उन्होंने कहा है कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। रोजाना न जाने कितने लोगों को आवारा कुत्ते काटते थे, कई लोगों की जान ली गई ,लोग रैबीज से मारे गए और सालों से हजारों रुपए के कुत्ता काटने के इंजेक्शनों पर खर्च किए जा रहे थे। पिछले 12 सालों से जिस एनजीओ को उनकी नसबंदी कराने और कुत्तों के आतंक पर रोकथाम के लिए काम करने का जिम्मा दिया गया था, वह भी कुछ नहीं कर पाए। इस दौरान गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने मेनका गांधी से सवाल पूछा है कि भेड़ बकरियों ने किसी का क्या बिगाड़ा है। कई बार उनको भी खाने के लिए मारा जाता है ,उनका वध किया जाता है। साथ ही उन्होंने कहा है कि मनुष्य के जीवन में पशु बाद में है, जीवन रक्षा पहले है। उन छोटे-छोटे बच्चों के बारे में सोचिए जिनपर कुत्ते हमला करते हैं। उनको बीमारी फैलती और वह परेशान होते हैं ,तो मन बड़ा परेशान होता है। उन्होंने लोगों से और खास तौर से डॉग लवर्स से भी अपील की है कि वह सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करें।

### सांसद बोले भेड़ बकरियों ने किसी का क्या बिगाड़ा है

करंट क्राइम : सांसद अतुल गर्ग ने कहा है कि उन्होंने आवारा कुत्तों के विषय को संसद में भी सवाल व मुद्दा उठाया है। साथ ही जिस तरीके से गाजियाबाद में ही हर महीने हजारों इंजेक्शन लगते थे, यह भी एक बड़ा गंभीर विषय था। गाज़ियाबाद में कुत्ते काटने से रेबीज फैलने पर बच्चे की मौत भी हुई थी। उन्होंने यह भी कहा है कि भेड़ बकरियों ने किसी का क्या बिगाड़ा है, कई बार उनको खाने के लिए नुकसान पहुंचाया जाता है। साथ ही उन्होंने इस दौरान मनुष्य के जीवन में पशु से पहले जीवन को महत्व देते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है और डॉग लवर्स से भी इसमें समर्थन देने की मांग की है।

### अतुल गर्ग ने कहा 12 सालों से नसबंदी और इलाज के नाम पर लूटा जा रहा था

करंट क्राइम : गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में शिफ्ट किए जाने के मामले का स्वागत किया है। तो वहीं 12 सालों से जिस तरीके से कुत्तों की नसबंदी कराने और उनके इलाज के नाम पर पैसों की लूट की जा रही थी, उस पर भी सवाल उठाए हैं। साथ ही उन्होंने डॉग लवर्स से कहा है कि वह इस बात को भी ध्यान में रखें कि सुबह के समय बच्चे, बुजुर्ग और आसपास के लोग मॉर्निंग वॉक पर नहीं जा पाए थे। उनको डर रहता था कि कोई आवारा कुत्ता ना काट ले और वह हादसे का शिकार हों जाए।

# आज भी नहीं होगा गाजियाबाद कोर्ट में कामकाज

## 15 अगस्त को भी सादगी से होगा ध्वजारोहण






### - बार एसोसिएशन गाजियाबाद आज देगी जिला जज आशीष गर्ग को श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को जहां गाजियाबाद कोर्ट में कामकाज नहीं हुआ, तो वहीं अधिवक्ता शोक में रहे। बता दें कि सोमवार को गाजियाबाद के जिला जज आशीष गर्ग का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। जिससे न्यायिक अधिकारीगण और कर्मचारी शोक में डूबे हुए हैं।

बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने जानकारी दी है कि 13 अगस्त बुधवार को भी अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। शोकाकुल परिवार के लिए गहरी संवेदना प्रकट की जाएगी। वहीं एक श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की जाएगी, यह तय किया गया है कि बुधवार को दोपहर एक बजे श्रद्धांजलि सभा डीजीसी क्रिमिनल के ऑफिस के पास की जाएगी। जिसमें समस्त अधिवक्तागण और न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया है।

### 15 अगस्त पर सादगी से होगा बार का ध्वजारोहण



करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष और सचिव ने जानकारी दी है कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण बैठक करके निर्णय लिया गया है कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद व अधिवक्ताओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। अब 15 अगस्त को बार रूम गाजियाबाद के प्रांगण में केवल ध्वजारोहण व राष्ट्रगान का कार्यक्रम सुबह नौ बजे साधारण तरीके से आयोजित किया जाएगा। बता दें कि सोमवार को एक निजी अस्पताल में हर्निया का ऑपरेशन करने के बाद हृदय गति रुक जाने से जिला जज आशीष गर्ग की मृत्यु हो गई थी। जिसके कारण मंगलवार को भी अधिवक्ता कम से विरत रहे थे।

# एनसीआर में कविनगर रामलीला को जिन्होंने दिया एक बड़ा मुकाम उन अध्यक्ष ललित जायसवाल ने कर दी इस्तीफा देने की पेशकश



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कविनगर रामलीला को एनसीआर में एक बड़ी पहचान देने वाले कविनगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने अध्यक्ष पद से इस्तीफे की पेशकश की है। ललित जायसवाल का नाम सभी प्रकार के सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन में सफलता की गारंटी माना जाता है। कविनगर रामलीला का आज जो भव्य स्वरूप है उसके पीछे ललित जायसवाल का एक बड़ा विजन रहा है। ललित जायसवाल ने मंचन से लेकर मंच के स्वरूप को निखारा है। वो लगातार यहां सुधार के लिए कार्य करते रहे है और आज कविनगर की रामलीला का मंचन और मेला अगर पूरे एनसीआर और उत्तर प्रदेश में नंबर वन माना जाता है तो उसके पीछे अध्यक्ष के रूप में ललित जायसवाल की कड़ी मेहनत है। ललित जायसवाल हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष हैं। वो सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन है और कविनगर धार्मिक रामलीला के अध्यक्ष हैं। ललित जायसवाल ने मंगलवार को उस समय सबको चौंका दिया जब उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की पेशकश कर दी। सूत्र बताते हैं कि गोविन्दपुरम के एक बैंकट हॉल में कमेटी की कार्यकारिणी की एक बैठक चल रही थी। इस बैठक में कमेटी के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की पेशकश रख दी। ललित जायसवाल के मुख से निकले इन शब्दों को सुनकर सभी लोग हैरान रह गये और अधिकांश कार्यकारिणी सदस्यों ने उनकी इस पेशकश को अस्वीकार कर दिया। बताया जाता है कि अपनी इस पेशकश को रखते हुए ललित जायसवाल ने कहा कि वो कई बार कमेटी के अध्यक्ष पद रहे हैं और अब किसी नए चेहरे को यह जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। गौरतलब है कि ललित जायसवाल के कार्यकाल में कविनगर रामलीला ने कम समय में एक बड़ी पहचान बनाई है। इस रामलीला का भव्य मंचन और भव्य मेला पूरे एनसीआर में प्रसिद्ध है। फिलहाल ललित जायसवाल के इस्तीफे की पेशकश के बाद ये माना जा रहा है कि इसके पीछे कोई पूर्व का विवाद भी हो सकता है। हालांकि यहां पर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इस बार का रामलीला महोत्सव ललित जायसवाल की अध्यक्षता में होगा। लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस बार के आयोजन के बाद वह अगले आयोजन के लिए अध्यक्ष पद के लिए इच्छुक नहीं है।

# डीएम ने कर दिया साफ, 14 अगस्त को नहीं 15 को ही मानेगा स्कूलों मे स्वतंत्रता दिवस का जश्न






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मंगलवार को एक खास आदेश जारी किया और इस आदेश को गाजियाबाद के सभी निजी और सरकारी स्कूलों में सख्ती से पालन करने का आदेश दिया गया है।

इसमें डीएम ने कहा है कि 14 अगस्त को किसी भी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का कोई भी कार्यक्रम, जश्न, ध्वजारोहण और आयोजन नहीं आयोजित किया जाना चाहिए। ध्वजारोहण और 15 अगस्त को लेकर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम उसी दिन विद्यालय, स्कूलों और निजी संस्थानों में आयोजित किए जाएं। इसको लेकर बाकायदा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है। तो वहीं प्रशासन के अधिकारियों को भी इसका पालन कराने का निर्देश दिया गया है। दरअसल जिलाधिकारी गाजियाबाद रविंद्र कुमार का कहना है कि अधिकांश बार देखा जाता है कि 14 अगस्त को स्कूलों, शैक्षिक संस्थानों और कई प्रमुख संस्थानों में ध्वजारोहण और 15 अगस्त को लेकर कार्यक्रम आयोजित कर लिए जाते हैं और स्वतंत्रता दिवस को वहां कोई जश्न नहीं होता है। वहां सादगी का माहौल रहता है। उन्होंने कहा है कि आजादी का असली महत्व 15 अगस्त को है, उसी दिन सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और अगर कोई भी व्यक्ति संस्थान या संस्था ध्वजारोहण और 15 अगस्त से संबंधित कार्यक्रम एक दिन पूर्व करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

# डॉगी के विवाद में घनघनाये लखनऊ तक से फोन जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक ने लिया पक्ष

### कवि नगर थानाक्षेत्र का मामला





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इन दिनों डॉग्स का मामला चर्चा में बना हुआ है। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन में सबसे टेंशन और हॉट कहे जाने वाले कवि नगर थानाक्षेत्र के एम-ब्लॉक का मामला बीती रात जमकर हाई वोल्टेज और प्रोफाइल भर रहा।

पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली है कि कवि नगर एम-ब्लॉक में रहने वाले दो परिवार के लोगों में डॉगी को घूमने और लघु शंका कराने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया की नौबत मारपीट और पुलिस तक पहुंच गया।

मामला पुलिस तक पहुंचा, तो दोनों ओर से सिफारिशों का दौर शुरू हो गया।

किसी ने अपनी पैरवी में जनप्रतिनिधि से फोन कराया, तो किसी की सिफारिश में फोन पुलिस के अधिकारियों का फोन आया। मामला दोनों तरफ से थाने में पहुंचा और पुलिस ने फिर दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फिलहाल मुकदमा नहीं लिखा गया है।

पुलिस जांच कर रही है। बताया जा रहा है एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के डॉगी को लेकर जमकर पिटाई की है। तो दूसरा पक्ष भी कई आरोप लगा रहा है। कुल मिलाकर डॉगी को लेकर कवि नगर में जिस तरीके का मामला आया है, उससे थाना पुलिस की भी टेंशन बड़ी हुई बताई जा रही है।

### पहले हुई कहासुनी फिर हुआ हमला और मारपीट

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि डॉगी को घूमने और उसको लघु शंका कराने का मामला पहले कहासुनी से शुरू हुआ। फिर एक पक्ष दूसरे के घर पहुंचा और वहां स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल हो गई। मामला मारपीट और धमकियां तक पहुंच गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंची, तो मामलों की को शांत कराया और दोनों पक्ष थाने आ गए। रात में थाने में सिफारिशों का दौर शुरू हो गया, तो यह कहानी अगले दिन मंगलवार की सुबह तक जारी रही। फिलहाल इस मामले में मुकदमा नहीं लिखा गया है, उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में जनप्रतिनिधियों से लेकर पुलिस और कई प्रमुख लोगों के भी लखनऊ से फोन आए हैं। तो कमिश्नरेट वाले अधिकारी भी एक्टिव हो गए थे।

## '5 महीने में 3 अहम विधेयक पारित किए'

# रेखा गुप्ता ने विधानसभा के मानसून सत्र का रिपोर्ट कार्ड पेश किया



**नई दिल्ली।** सीएम ने सीएजी की दो रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए आप सरकार की विफलताएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि यमुना सफाई, अमृत योजना और अन्य परियोजनाओं के लिए केंद्र से मिले फंड का दुरुपयोग हुआ। 52,000 करोड़ के जीएसटी राजस्व का उपयोगिता प्रमाणपत्र तक दाखिल नहीं हुआ।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा के मानसून सत्र को ऐतिहासिक बताते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि 5 महीनों में 3 बड़े विधेयक पारित कर जनता को राहत दी, जबकि पिछली आप सरकार ने इसी अवधि में केवल 14 विधेयक पास किए। केजरीवाल सरकार ने भ्रष्टाचार और नौटंकी के अलावा कुछ नहीं किया।

मुख्यमंत्री सोमवार को सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान विधानसभा के मानसून सत्र का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने बताया कि मानसून सत्र में दिल्ली स्कूल शिक्षा विधेयक पास हुआ, जिससे निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर रोक लगेगी और अभिभावकों को राहत मिलेगी। सत्र में 62 मुद्दों पर चर्चा हुई और हर विधायक को बोलने का मौका दिया गया। सीएम ने सीएजी की दो रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए आप सरकार की विफलताएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि यमुना सफाई, अमृत योजना और अन्य परियोजनाओं के लिए केंद्र से मिले फंड का दुरुपयोग हुआ। 52,000 करोड़ के जीएसटी राजस्व का उपयोगिता प्रमाणपत्र तक दाखिल नहीं हुआ।

सीएम ने इसे जनता के साथ विश्वासघात बताया और वादा किया कि उनकी सरकार हर पैसे का हिसाब देगी। आप सरकार ने पांच साल में सिर्फ 14 विधेयक पास किए, जिनमें ज्यादातर वेतन और जीएसटी से जुड़े थे।

### दिल्ली में 22 लाख तिरंगे बांटे जाएंगे

मुख्यमंत्री ने आप के कथित फांसीघर प्रचार को झूठा करार देते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ की थी, जिसने सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत 22 लाख तिरंगे बांटे जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के एस आई आर को सही ठहराया

# कहा-आधार को नागरिकता के निर्णायक प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता



**नई दिल्ली। करंट क्राइम,** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में वोटर लिस्ट के विशेष सघन पुनरीक्षण (रक्फ़) अभियान को सही करारा दिया है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि एसआईआर पर चुनाव आयोग का रुख सही है। आधार को नागरिकता के निर्णायक प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, इसे सत्यापित करना आवश्यक है। बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि बिहार भारत का हिस्सा है। अगर बिहार के पास नहीं हैं, तो दूसरे राज्यों के पास भी नहीं होंगे। ये कौन से दस्तावेज हैं? अगर कोई केंद्र सरकार का कर्मचारी है, तो क्या स्थानीय/एलआईसी द्वारा जारी कोई पहचान पत्र/दस्तावेज है?

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल की तरफ से इसपर कहा गया कि वे कह रहे हैं कि इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती। जन्म प्रमाण पत्र की बात करें तो ये केवल 3.056 प्रतिशत लोगों के पास ही है। पासपोर्ट 2.7 प्रतिशत के पास है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह साबित करने के लिए कुछ तो होना ही चाहिए कि आप भारत के नागरिक हैं। हर किसी के पास प्रमाणपत्र होता है, सिम खरीदने के लिए इसकी जरूरत होती है।

आज सुनवाई के दौरान इससे पहले जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाए कि एसआईआर प्रक्रिया कानून के मुताबिक है या नहीं। उन्होंने कहा कि हमें बताएं कि ऐसी प्रक्रिया जारी की जा सकती है या नहीं? अगर आप कहते हैं कि ऐसी प्रक्रिया सशर्त योजना के तहत मंजूर है, तो हम प्रक्रिया पर विचार करेंगे। अगर आप कहते हैं कि यह संविधान में ही नहीं है तो फिर उस हिसाब से कार्यवाही होगी। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायण ने कहा कि बड़े पैमाने पर बहिष्कार हुआ है। 65 लाख लोग बाहर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बड़े पैमाने पर हटाया जाना तथ्यों और आंकड़ों पर निर्भर करेगा। उधर, कपिल सिब्बल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि एक छोटे से निर्वाचन क्षेत्र में 12 लोग ऐसे हैं जिन्हें मृत दिखाया गया है, लेकिन वे जीवित हैं। बीएलओ ने कुछ नहीं किया है। इसपर चुनाव आयोग की तरफ से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि यह तो बस एक ड्राफ्ट रोल है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आयोग से पूछा हमें आपसे जानना है कि कितने लोगों की पहचान मृत के रूप में हुई है। आपके अधिकारियों ने जरूर कुछ काम किया होगा। वकील द्विवेदी ने कहा कि इतनी बड़ी प्रक्रिया में कुछ न कुछ गलतियां तो होंगी ही, लेकिन मृत को जीवित कहना ठीक नहीं है और किसी नए आईए की जरूरत नहीं है।

# सर्पदंश से भाई-बहन की मौत

## एक ही चारपाई पर मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे तीन बच्चे



**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर जिले के अखंडनगर के जमालपुर गांव में सर्प दंश से भाई-बहन की मौत हो गई। घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जमालपुर गांव में सोमवार रात मच्छरदानी लगाकर सो रहे सगे भाई-बहन को सांप ने काट लिया। परिजनों ने दोनों को जौनपुर जिले के शाहगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मंगलवार सुबह उनकी मौत हो गई। दोपहर के समय दोनों के शव लेकर परिजन अखंडनगर सीएचसी पहुंचे।

गांव निवासी प्रहलाद राजभर की बड़ी पुत्री आरुषी (16), अपनी छोटी बहन अनन्या (11) व भाई श्रेयांश (06) के साथ सोमवार रात खाना खाकर चारपाई पर सोने चली गई। परिजनों के अनुसार तीनों बच्चे एक ही चारपाई पर मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे। देर रात करीब 11 बजे आरुषी व श्रेयांश की तबीयत खराब हो गई, दोनों को उल्टियां होने लगीं। दोनों बच्चों ने बताया कि उनके पैर में किसी जानवर ने काट लिया है। हालत गंभीर होने पर घर वालों ने आरुषी व श्रेयांश को जौनपुर जिले के शाहगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान पहले श्रेयांश ने दम तोड़ दिया, कुछ ही देर बाद आरुषी की भी मौत हो गई। घर वाले भाई-बहन का शव लेकर अखंडनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां, से अखंडनगर पुलिस को जानकारी दी गई।

### दो बच्चों की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

प्रहलाद राजभर मजदूरी करते हैं। उनकी बड़ी पुत्री आरुषी कक्षा नौ की छात्रा थी। छोटा पुत्र श्रेयांश गांव के ही प्राइमरी स्कूल में पढ़ता था। भाई-बहनों में काफी लगाव था। आरुषी व श्रेयांश को सांप ने काट लिया, जबकि अनन्या बच गई। दोनों की मौत से पिता प्रहलाद, मां रेखा देवी व उनकी मझली पुत्री अनन्या सहित अन्य परिजनों में चीख-पुकार मची है।

# लोकसभा में भारतीय पत्तन विधेयक पारित

## विशेषज्ञ समिति ने कहा- देश में मलेरिया के टीके की जरूरत नहीं



**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष के भारी विरोध के बीच जहां भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 पारित किया गया है, वहीं राज्यसभा में एक विशेषज्ञ समिति ने जानकारी दी है कि देश में अब मलेरिया के टीके को अपनाने की जरूरत नहीं है। वहीं, सरकार ने यह भी बताया कि भारत से अमेरिका भेजे गए फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामानों पर अब तक 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ नहीं लगाया गया है। लोकसभा में भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 पारित कर दिया गया। यह विधेयक ऐसे समय में पारित हुआ, जब विपक्ष बिहार में मतदाता सूची से जुड़े मुद्दे पर हंगामा कर रहा था। विधेयक को निचले सदन में ध्वनि मत से पारित किया गया, जबकि विपक्षी सांसद नारेबाजी करते रहे। विधेयक पारित होने के बाद लोकसभा की कार्यवाही शाम साढ़े चार बजे तक स्थगित कर दी गई।

यह विधेयक भारत के बंदरगाहों से जुड़े कानूनों को एक साथ जोड़ने, बंदरगाह के विकास को सुव्यवस्थित करने, व्यापार करने में आसानी बढ़ाने और देश के समुद्री तटों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के मकसद से लाया गया है। इस विधेयक में प्रमुख बंदरगाहों के अलावा अन्य बंदरगाहों के लिए राज्य समुद्री बोर्ड बनाने का प्रावधान है। साथ ही, बंदरगाह क्षेत्र के विकास के लिए समुद्रीय राज्य विकास परिषद बनाने का भी प्रावधान है। विधेयक में यह भी प्रावधान है कि बंदरगाहों पर प्रदूषण, आपदा, आपात स्थिति, सुरक्षा, नेविगेशन और डाटा प्रबंधन को लेकर बेहतर व्यवस्था की जाए। इसके अलावा, भारत की अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियों का पालन, बंदरगाहों का संरक्षण और बंदरगाहों से जुड़े विवादों के समाधान के लिए विवाद निवारण तंत्र भी बनाने का भी प्रावधान है।

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने यह जानकारी एक सवाल के लिखित जवाब में दी। उनसे पूछा गया था कि क्या भारत का पहला मलेरिया टीका आर21/मैट्रिक्स-एम ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और भारत के सीरम इंस्टीट्यूट ने मिलकर तैयार किया है और क्या इसे भारत में इस्तेमाल की मंजूरी मिल गई है। मंत्री ने कहा, भारत में मलेरिया के टीके के इस्तेमाल को एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई थी।

### भारत के फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स पर अमेरिका ने नहीं लगाया कोई अतिरिक्त टैरिफः सरकार

फार्मास्युटिकल्स (दवाइयों) और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर अब तक कोई अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) नहीं लगाया गया है। भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले कुछ उत्पादों पर 25 फीसदी जवाबी टैरिफ सात अगस्त से लागू हुआ है। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

### भारत में मलेरिया के टीके की जरूरत नहींः विशेषज्ञ समिति की सिफारिश

एक विशेषज्ञ समिति ने सिफारिश की है कि भारत में मलेरिया के टीके की जरूरत नहीं है। ये टीके उन जगहों के लिए बनाए गए हैं, जहां मलेरिया का संक्रमण मध्यम स्तर से अधिक होता है और बच्चों की मौत का खतरा ज्यादा होती है। सरकार की ओर से मंगलवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी गई।

# भाकियू का ट्रैक्टर तिरंगा मार्च कमिश्नरी पर खड़े किए ट्रैक्टर रोकने पर पुलिस से नोकझोंक



**मेरठ।** मेरठ में कमिश्नरी चौराहे पर भाकियू का धरना। पुलिस ने ट्रैक्टर रोकने की कोशिश की तो किसानों की नोकझोंक हुई, बाद में ट्रैक्टरों को जाने दिया गया। भारतीय किसान यूनियन (इडव) के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को किसानों ने ट्रैक्टर तिरंगा मार्च निकाला और मेरठ कमिश्नरी पर पहुंचकर घेराव किया। इस दौरान भाकियू व किसान कार्यकर्ता ट्रैक्टर ट्रॉलियों में सवार होकर कमिश्नरी पहुंचे। यहां पुलिस द्वारा रोके जाने पर किसान व कार्यकताओं और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई।



जिलाध्यक्ष ने बताया कि तीनों तहसीलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में तिरंगा लगाकर आए और कार्यक्रम स्थल पर भंडारे व लंगर की व्यवस्था की। मार्च का उद्देश्य पिछले महीने 9 जुलाई को अपर मंडलायुक्त अमित कुमार को दिए गए 150 बिंदुओं वाले ज्ञापन पर कार्रवाई न होने के विरोध में है। किसानों का कहना है कि ज्ञापन के किसी भी बिंदु पर समाधान नहीं हुआ और न ही अधिकारियों से कोई ठोस आश्वासन मिला। आंदोलन में गन्ना भुगतान, सिंचाई विभाग में अनियमितताएं, तहसील में भ्रष्टाचार, गन्ना मूल्य का बकाया, और ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। धरना स्थल पर किसानों ने माहौल को जोश और लोक रंग से भरने के लिए रागिनी गायन किया। रागिनी में किसानों की समस्याएं और प्रशासन से नाराजगी झलक रही थी।

सिर्फ आवाज ही नहीं, पेट भरने की भी व्यवस्था रही। कार्यक्रम में भंडारा और लंगर का आयोजन किया गया। भाकियू हस्तिनापुर की सिख समुदाय ने लंगर सेवा संभाली, जबकि अन्य तहसीलों से आए किसानों ने भंडारे की व्यवस्था की। अनुराग चौधरी ने कहा कि किसानों को फसल का उचित दाम और समय पर भुगतान नहीं मिल रहा है, ऐसे में एडवांस रिचार्ज वाला स्मार्ट मीटर लगाना किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, कमिश्नरी पर पंचायत और आंदोलन जारी रहेगा।

# राज्य में भूस्खलन से 332 सड़कें बंद, चंबा में हाईवे धंसा, चलती बस पर पहाड़ी से गिरे पत्थर



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार जारी बारिश से कई क्षेत्रों में भूस्खलन व पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। सैकड़ों सड़कें बाधित हैं। कई इलाकों में बिजली व पेयजल आपूर्ति ठप है। राज्य में मंगलवार शाम तक दो नेशनल हाईवे सहित 332 सड़कें बंद रहीं। इसके अतिरिक्त 198 बिजली ट्रांसफार्मर व 141 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं। मंडी जिले में सबसे अधिक 192 सड़कें बंद हैं। कुल्लू में 73 सड़कें प्रभावित हैं। उधर, चंबा में चलती बस पर पहाड़ी से पत्थर गिर गए। इससे दो यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि 40 के करीब सवारियां लेकर निजी बस चांजू से भंजराड़ू के लिए निकली थी। चांजू से तीन किमी सफर तय करने के बाद बस चूरसेऊ के समीप पहुंची। इस दौरान अचानक पहाड़ी से गिरे पत्थर बस की छत को तोड़कर अंदर आ गिरे। इससे दो यात्री घायल हो गए। बस में पत्थर गिरने सवारियों में चीख-पुकार मच गई। चालक-परिचालक ने बस को सड़क के किनारे रोक कर यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को निजी वाहन के जरिये पीएचसी बघेईगढ़ ले जाया गया। जहां पर उन्हें प्राथमिक उपचार देखकर छुट्टी कर दे दी गई। 10 घंटे बाद बहाल हुआ चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे मंडी-कुल्लू मार्ग पर जोगणी मोड़ के पास सोमवार रात लगभग 9:00 बजे पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था।

### शिमला में पेड़ गिरने, भूस्खलन से भारी नुकसान

राजधानी शिमला में देर रात से जारी भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरने और भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ है। शहर के विकास नगर में पेड़ गिरने से एक भवन की छत टूट गई और सड़क भी बंद हो गई है। इसके अलावा टुटीकंडी में भी एक साथ आधा दर्जन से ज्यादा पेड़ गिरने से कई गाड़ियां चकनाचूर हो गईं। यहां सड़क भी बंद है। खालीनी में ढारा ढहने से 6 मजदूर बाल-बाल बच गए। तड़के सुबह करीब 4:00 बजे यह घटना हुई। शहर के विकासनगर की हिमुडा कॉलोनी में भी कार पर भूस्खलन हुआ है। साथ ही पेड़ भी ढह गया।

### दुनेरा के समीप धंसा चंबा-पठानकोट हाईवे, वाहनों की आवाजाही ठप

चंबा-पठानकोट हाईवे दुनेरा के समीप धंसने से वाहनों की आवाजाही बंद पड़ गई है। इससे दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लाइनें लग गईं। वहीं पवित्र मणिमहेश यात्रा पर पठानकोट से चंबा की ओर आ रहे श्रद्धालुओं की मुसीबतें बढ़ गई हैं। सड़क धंसने के दौरान एक टिपर वहां से गुजर रहा था। चालक ने ऐन मौके पर सड़क किनारे टिपर लगा दिया। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। सड़क बंद होने पर लोग पैदल आवाजाही करते नजर आए। जिला में मूसलाधार बारिश से 24 सड़कें, 35 ट्रांसफार्मर और 18 पेयजल स्कीमें प्रभावित हुई हैं।

# शाहजहांपुर में खतरे के निशान से ऊपर पहुंची रामगंगा गंगा में भी उफान, पानी से घिरी जिंदगानी





**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में रामगंगा और गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार का रामगंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई। इससे कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं।

बाढ़ के कारण जलालाबाद-शमशाबाद स्टेट हाईवे पर यातायात दूसरे दिन भी बंद रहा। गंगा और रामगंगा नदियों के जलस्तर में मंगलवार को भी वृद्धि जारी रही। शाहजहांपुर जिले के डबरी घाट पर रामगंगाा खतरे के निशान से आठ सेमी ऊपर पहुंच गई। इस वजह से जलालाबाद के कोला घाट से लेकर अल्हागंज क्षेत्र तक नदी के किनारे बसे दो दर्जन से ज्यादा गांव बाढ़ से घिर गए हैं। कई गांवों में बाढ़ का पानी घरों की चौखट तक पहुंच गया। कलान के भैंसार बांध पर गंगा खतरे के निशान से सिर्फ दो सेमी नीचे है। इस कारण गंगा के किनारे बसे कलान और मिजार्पुर क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांव टापू बन गए हैं।

### बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त

कलान से लेकर मिजार्पुर क्षेत्र तक करीब दो दर्जन गांवों में गंगा की बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गंगा के तट पर बसे इस्लामनगर, आजादनगर, कमतरी, चितार आदि आधा दर्जन गांवों के संपर्क मार्ग बाढ़ में डूब गए हैं। प्रशासन ने बचाव कार्यों के लिए मोटरबोट लगाई है।

### स्टेट हाईवे पर यातायात बंद

पानी के तेज बहाव के कारण जलालाबाद-शमशाबाद स्टेट हाईवे और मिजार्पुर-जरियनपुर-ढाई घाट मार्ग पर मंगलवार को दूसरे दिन भी आवागमन प्रतिबंधित रहा। इस बीच, रेडक्रॉस सोसाइटी ने प्रशासन से बाढ़ आपदा एवं राहत कार्यों में सहयोग का हाथ बढ़ाया है। संस्था के अध्यक्ष डॉ. विजय जौहरी ने इस बारे में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह से भेंट कर उन्हें पत्र सौंपा है।

### बाढ़ के पानी से डूबी फसलें

बाढ़ से नदी के तटवर्ती खेतों की फसलें भी जलमग्न हो चुकी हैं, जिससे किसान बहुत परेशान हैं। परौर क्षेत्र के नारायणनगर पश्चिमी और मोहनपुर में रामगंगा से भूमि कटान हो रहा है। जलालाबाद क्षेत्र में कोला, कसारी खुर्द, कसारी बुजुर्ग, सिठौली, मझरा, रैपुरा आदि गांवों के लोग रामगंगा की बाढ़ से पूरी तरह घिर गए हैं।

# ओवैसी ने आसिम मुनीर को सुनाई खरी-खोटी

## बोलेः वह एक सड़कछाप आदमी की तरह बोल रहे



**नई दिल्ली।** हैदराबाद के सांसद ने कहा कि भारत एक रणनीतिक साझेदार है, इसलिए अमेरिकी धरती का यह दुरुपयोग भारत और भारतीयों को अस्वीकार्य है। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार अपना विरोध दर्ज कराए और इस मुद्दे को अमेरिका के समक्ष मजबूती से उठाए। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर की अमेरिका की धरती से भारत के खिलाफ ताजा परमाणु धमकी की निंदा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को इस पर राजनीतिक प्रतिक्रिया देनी चाहिए। औवेसी ने संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मामले को लेकर तल्ख प्रतिक्रिया दी।

पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर की परमाणु धमकी पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'पाकिस्तान के सेना प्रमुख के शब्द और उनकी धमकियां निंदनीय हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि यह अमेरिका की ओर से हो रहा है, जो भारत का रणनीतिक साझेदार है। वह एक 'सड़कछाप आदमी' की तरह बोल रहे हैं। हमें यह भी समझने की जरूरत है कि पाकिस्तानी सेना और उनके डीप स्टेट से लगातार खतरे को देखते हुए हमें अपना रक्षा बजट बढ़ाना होगा, ताकि हम तैयार रह सकें।' इससे पहले ओवैसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पाकिस्तानी सेना प्रमुख की भारत के खिलाफ धमकियां और भाषा निंदनीय हैं। उन्होंने अमेरिकी धरती से ऐसा किया, जिससे यह और भी बदतर हो जाता है। इस पर मोदी सरकार की ओर से राजनीतिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है, न कि केवल विदेश मंत्रालय के बयान की।' असीम मुनीर ने भारत को गीदड़भभकी दी थी इससे पहले पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने भारत को गीदड़भभकी दी थी। मुनीर ने कहा था कि अगर भारत ने सिंधु नदी का पानी रोकने के लिए बांध बनाया तो हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। हम 10 मिसाइल मारकर बांध को उड़ा देंगे। अमेरिका के दौरे पर गए मुनीर ने यह धमकी फ्लोरिडा के टैम्पा में पाकिस्तानी मूल के कारोबारी अदनान असद की तरफ से रखे गए डिनर कार्यक्रम में दी थी।

### दिल्ली-एनसीआर में 10-15 साल पुराने वाहनों को फिलहाल राहत, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सख्ती न करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में डीजल के 10 साल पुराने और पेट्रोल के 15 साल पुराने वाहनों के मालिकों को फिलहाल बड़ी राहत दी है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि ऐसे वाहनों के मालिकों पर फिलहाल कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी।

चीफ जस्टिस (सीजेआई) बी.आर.गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने यह आदेश दिया। यह फैसला तब आया, जब दिल्ली सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि ऐसे वाहनों के मालिकों पर जबरदस्ती कोई कार्रवाई न की जाए। दिल्ली सरकार ने दायर की थी याचिका शीर्ष कोर्ट ने कहा, नोटिस जारी किया जाए।

**संबंध -विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हरेंद्र कुमार पुत्र महावीर 248 खन्ना नगर लोनी जनपद गाजियाबाद का निवासी हूं मैंने अपने पुत्र पीयूष पुत्रवधु शालिनी को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध - विच्छेद कर लिए हैं भविष्य में अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे जिससे हमारा व मेरे परिवार का कोई लेना-देना नहीं होगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 13 अगस्त -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







## विधान परिषद में दिखाए एमएलसी दिनेश गोयल ने तेवर

# बढ़े हाउस टैक्स का किया विरोध और खुलकर किया जनता का फेवर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स को लेकर अभी भी एक रस्साकसी चल रही है। पार्षदों ने सदन में विरोध किया और सर्वसम्मति से बढ़े हुए हाउस टैक्स के प्रस्ताव को निरस्त किया। विशेष बैठक 30 जून को बुलाई गई और इसमें मेयर सुनीता दयाल ने सदन में प्रस्ताव निरस्त की घोषणा की। खास बात ये थी कि सदन की इस बैठक में सदन के पदेन सदस्यों के रू प में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, शहर विधायक संजीव शर्मा भी मौजूद थे। मामला सर्वसम्मति के बाद भी अदालत के फैसले और शासन की सहमति के बीच अटक गया। अधिकारियों ने मिनट्स को लेकर तारीख पर तारीख दी और इधर कोर्ट ने सुनवाई को लेकर तारीख दे दी।

जनप्रतिनिधि मौजूद थे और उसके बाद तारीख कोर्ट और आग लगने से लेकर धरने का सीन हो गया। जनप्रतिनिधियों का रवैया भी शुरू में तो ठीक रहा और बाद में यहां भी मामला उदासीन हो गया। आमतौर पर ट्रैक से हटकर जन मुद्दों को सदन में प्रमुखता से रखने वाले एमएलसी दिनेश गोयल एक बार फिर विधान परिषद में जनता के पक्ष में आ गये। सबको इंतजार था कि लोकसभा और विधानसभा में उनके जनप्रतिनिधि क्या इस मामले को उठाएंगे। सत्र चल रहा है और विचित्र खामोशी है, लेकिन इन सबके बीच विधान परिषद में गर्मजोशी दिखाई दी। एमएलसी दिनेश गोयल ने विधान परिषद में ये मुद्दा उठा दिया। उनके तेवर बता रहे थे कि वो बढ़े हुए हाउस टैक्स के खिलाफ हैं और जनता के फेवर में हैं। एमएलसी दिनेश गोयल ने सदन में तेवर दिखाए और विधान परिषद के मानसून सत्र के दूसरे दिन उन्होंने सदन में हाउस टैक्स को कम करने हेतु मांग उठाई।

### एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा- नगर निगम द्वारा बढ़ाए गए हाउस टैक्स को वापस लिया जाना जनहित में अति अवश्यक



उत्तर प्रदेश के जनपद-गाजियाबाद नगर निगम में टैक्स रेट 96 पैसे रुपए 1.20 पैसे वह रुपए 1.45 पैसे था जिसे नगर निगम के अधिकारियों ने बढ़ाकर रुपए 3.50 पैसे रुपए 3.75 पैसे एवं रू 4 चार रुपए कर दिया जो लगभग 300 से 400 प्रतिशत अधिक है। जिसका आम जनता ने और नगर निगम के जनप्रतिनिधि ने बढ़े हुए टैक्स का विरोध किया और इसके विरोध में दिनांक 09.10.2024 को सदन की बैठक हुई जिसमें प्रस्ताव सं0-54 में इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया लेकिन नगर निगम के अधिकारी ने इसे नहीं माना और बढ़ी हुई टैक्स पर आमादा रहे। इसके उपरान्त दिनांक 07.01.2025 को दुबारा बैठक हुई जिसमें दिनांक 09.10.2024 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी लेकिन बढ़े हुए दरों के प्रस्ताव को पास दिखा दिया गया। इससे शुब्ध होकर दिनांक 30.06.2025 को सदन की दोबारा बैठक हुई जिसमें नगर निगम में यह निर्णय हुआ कि ठीक है रियायत दी जायेगी और बढ़ा हुआ हाउस टैक्स भी खत्म किया जायेगा। यह मामला समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ तदोपरान्त नगर निगम द्वारा यह निर्णय लिया गया कि बढ़े हुए हाउस टैक्स की नोटिस नहीं भेजी जायेगी परन्तु इसके विपरित नगर निगम के अधिकारियों द्वारा बढ़े हुए हाउस टैक्स की नोटिस जनता को भेज दी गयी। इस मामले में आम जनता में आक्रोश एवं क्षोभ व्याप्त है। मेरे द्वारा इस लोक महत्व के अभिलम्बनीय विषय पर नगर निगम गाजियाबाद द्वारा बढ़ाये गये हाउस टैक्स को वापस लिए जाने हेतु सदन में सरकार से चर्चा एवं वक्तव्य कराये जाने की मांग की गई।

### एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने भी मांगी थी नियम 110 के अंतर्गत सूचना

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एमएलसी दिनेश गोयल के अलावा एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने भी नियम 110 के अंतर्गत सूचना मांगी थी। उन्होंने भी विधान परिषद के मुख्य सचिव को पत्र लिखा था और उन्हें ये बताया था कि 300 से 400 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। नगर निगम के जनप्रतिनिधियों ने और आम जनता के बढ़े हुए टैक्स का विरोध किया है। उन्होंने सदन की बैठकों का हवाला दिया और प्रमुख सचिव विधान परिषद कोये अवगत कराया कि लोक महत्व के इस विषय पर नगर निगम गाजियाबाद द्वारा बढ़ाए गए हाउस टैक्स को वापस लिये जाने हेतु हम सदन में सरकार से चर्चा और वक्तव्य कराए जाने की मांग करते हैं।

## फिल्म स्टार अजय देवगन ने समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता से कही ये बात

# प्रभु श्रीराम जी की कृपा से आपका हमारा साथ होगा कामयाब

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता ने अपने अथक प्रयासों, टीम वर्क और सफल रणनीति के साथ अपने ब्रांड समरकूल को पूरे देश में स्थापित किया है। संजीव गुप्ता गाजियाबाद के एक ऐसे उद्योगपति हैं जिन्होंने अपने शहर का नाम पूरे देश और प्रदेश में रोशन किया है और उनकी सक्सेस स्टोरी वास्तव में अन्य लोगों के लिये एक मिसाल है। आज समरकूल ब्रांड को सब जानते हैं। संजीव गुप्ता समरकूल ग्रुप के चेयरमैन हैं और वो इस पूरे समूह को एक परिवार की तरह लेकर चलते हैं। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता ने अपने छोटे भाई राजीव गुप्ता के साथ मिलकर एक सफर की शुरूआत की और उन्होंने देखते ही देखते अपनी कंपनी के ब्रांड को पूरे देश का ब्रांड बना डाला। कोई अखबार, कोई चैनल ऐसा नहीं है जहां ये ब्रांड नजर नहीं आता हो।



बड़ी बात ये है कि समरकूल के चेयरमैन संजीव गुप्ता और कंपनी के निदेशक उनके भाई राजीव गुप्ता ने एक सधी हुई रणनीति पर काम किया और समूह बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब ये समूह अपने उत्पाद के प्रमोशन के लिये देश के, बॉलीवुड के सुपरस्टार को भी साथ लेकर आ रहे हैं। इस कड़ी में समरकूल के चेयरमैन संजीव गुप्ता ने बॉलीवुड के सुपरस्टार अजय देवगन के साथ करार किया है। समरकूल ग्रुप का करार फिल्मत स्टार अजय देवगन के साथ हुआ है। अजय देवगन फिल्म इंड्स्ट्री में अपनी एक अलग छवि के लिये जाने जाते हैं। समरकूल के लिये अजय देवगन का वीडियो भी सूट हो गया है और वीडियो सूट होने के बाद समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता ने बॉलीवुड के सुपरस्टार और समरकूल के ब्रांड एम्बेसडर अजय देवगन को मुंबई में प्रभु श्री हनुमान जी की मूर्ति भेंट की। ये मुलाकात मुंबई में मंगलवार को समरकूल एड की वीडियो शूटिंग के बाद हुई और यहां पर सनातन संस्कृति का अदभुत परिचय हुआ।

समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता सनतन संस्कृति में अटूट विश्वास करते हैं और मंगलवार को उन्होंने पहले हनुमान बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया और फिर उन्होंने प्रभु हनुमान की मूर्ति बॉलीवुड सुपरस्टार तथा समरकूल के ब्रांड एम्बेसडर अजय देवगन को भेंट की।

यहां पर संस्कारों का आदान प्रदान तब हुआ जब बॉलीवुड सुपर स्टार अजय देवगन ने समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता से बड़े ही आत्मीयता और सदगी से ये कहा कि मंगलवार का दिन है और आप प्रभु श्री हनुमान जी का पूजन कर मूर्ति भेंट कर रहे हैं तो मुझे पूरी उम्मीद है कि आपका और हमारा साथ श्रीराम जी की कृपा से बहुत कामयाब रहेगा। यह सुनकर संजीव गुप्ता और उनके छोटे भाई राजीव गुप्ता का मन भी प्रसन्नचित हो गया क्योंकि यहां व्यवसाय के साथ-साथ सनातन संस्कृति और धर्म का भी एक अदभुत संगम हो रहा था।

### समरकूल के ब्रांड एम्बेसडर बन गए हैं सुपर स्टार अजय देवगन

करंट क्राइम। समरकूल की सफलता की कहानी के नायक इस ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता हैं। वो वास्तव में सफलता की इस कहानी के नायक हैं और उन्होंने यहां पूरी पटकथा निर्देशन और सभी काम अपने हाथ में लेकर सफलतापूर्वक इसे पूरा किया है। एक छोटे से शहर में छोटी से शुरूआत के साथ उन्होंने आज एक बड़े से शहर में एक बड़ी से सफलता हासिल की है। आज उनका ब्रांड पूरे देश में लोग जानते हैं। एक बड़ी उपलब्धि ये है कि फिल्मों के सुपर स्टार उनके ब्रांड के एम्बेसडर बने हैं। सफलता की इस गाथा के नायक का माथा अपनी इस सफलता पर गर्व से ऊंचा है। उनके परिवार, उनके समर्थकों और उनके स्टाफ को भी अपने चेयरमैन पर्व नाज है। एक बड़ी कामयाबी और जुड़ी है जब बॉलीवुड के सुपर स्टार अजय देवगन समरकूल परिवार से जुड़े हैं। वो समरकूल के ब्रांड एम्बेसडर बने हैं। ये गाजियाबाद के लिये भी एक गौरव की बात है कि जब उनके शहर में बनने वाला उत्पाद पूरे देश में जाना जाएगा और वो भी इस बात को गर्व से कह सकते हैं कि समरकूल उनके शहर की पहचान है।

## लोकसभा में उठाए सांसद अतुल गर्ग ने जीएसटी की कमियों का मुद्दा

# सांसद ने दिया सुझाव, व्यापारी कल्याण बोर्ड से भी कराई जाए समीक्षा



### सांसद अतुल गर्ग ने कहा - जांच ठीक है, लेकिन व्यापारियों का उत्पीड़न ठीक नहीं। सांसद अतुल गर्ग व्यापारियों की सुरक्षा, उनकी सुविधा और उनके मान-सम्मान की रक्षा के लिये पूरी तरह कृत संकल्प दिखाई दिये।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बीते दिनों लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने जीएसटी के एक कार्यक्रम में अपने विचार रखते हए ये बात कही थी कि जांच ठीक है, लेकिन व्यापारियों का उत्पीड़न ठीक नहीं। सांसद अतुल गर्ग व्यापारियों की सुरक्षा, उनकी सुविधा और उनके मान-सम्मान की रक्षा के लिये पूरी तरह कृत संकल्प दिखाई दिये। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में व्यापारियों का ये मुददा उठाया। उन्होंने लोकसभा में जीएसटी व्यवस्था में आने वाली व्यवहारिक कमियों को कहा। उन्होंने कहा कि जीएसटी से देशभर में व्यापार को एक समान स्वरूप मिला है और विकास को गति मिली है। लेकिन कुछ अधिकारी नियमों का दुरुपयोग कर व्यापारियों को अनावश्यक परेशान कर रहे हैं। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने संसद में उदाहरण दिया और कहा कि छोटे तकनीकी कारणों से ट्रक रोककर खरीददार या विक्रेता को दूर से बुलाना, दो तीन दिन रोकना और कई गुणा टैक्स वसूलना आम हो गया है। जो बाद में वापस भी कर दिया जाता है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के विपरीत कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी व अनुचित जांच से व्यापारियों को प्रताड़ित किया जाता है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने संसद में ये सुझाव दिया कि ऐसे मामलों में पांच से दस प्रतिशत की समीक्षा व्यापारी कल्याण बोर्ड या समान संस्था द्वारा की जाए और यदि जांच में अधिकारियों की गलती पाई जाए तो उन पर भी दण्ड लगाया जाए।

## एसीपी पूनम मिश्रा का हुआ प्रमोशन, बनाई गई एडीसीपी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों लखनऊ पुलिस मुख्यालय से बड़ी संख्या में एसीपी स्तर से पुलिस के अधिकारियों के एडीसीपी स्तर पर प्रमोशन हुए थे। जिसके बाद गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में तैनात एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा की पदोन्नति हो गई है। अब वह एडीसीपी बन गई हैं।

उनकी रैंक प्रमोशन होने पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड और एडिशनल सीपी पुलिस मुख्यालय कल्पना सक्सेना ने उन्हें रैंक प्रमोशन प्रतीक बैंच लगाकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। बता दें कि एसीपी पूनम मिश्रा इससे पहले गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक और महिला अपराध जैसी जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। वहीं कई महत्वपूर्ण सर्किलों में एसीपी की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं।

## रोशनी से जगमग हो गया पुलिस कमिश्नर का ऑफिस

# अब दूर से ही नजर आएगा कॉरपोरेट लुक दफ्तर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर और पुलिस ऑफिस अब दूर से ही कॉरपोरेट लुक में नजर आएगा। इसको बेहतर बनाने के साथ हाईटेक भी किया गया है।

पुलिस वर्किंग सुधारने से लेकर कार्यस्थालों को सुधारने का काम इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट में हो रहा है। मंगलवार को पुलिस कमिश्नर वाले ऑफिस की लाइटिंग को शुरू करते हुए इसे आधुनिक रूप में प्रदर्शित किया गया है। साथ ही पुलिस कमिश्नर ऑफिस में सुंदर हरियाली और किचन गार्डन भी बना दिया गया है। जहां पर अब जल्द ही रंग-बिरंगे फूल और सीजनल पौधे भी नजर आएंगे। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बीते दिनों पुलिस ऑफिस को नया लुक देने का अभियान शुरू किया था, जो अब काफी हद तक पूरा हो गया है। अभी यहां डीआईजी स्तर के अधिकारियों, आम जनता के लिए स्पेशल कक्ष और जनसुनवाई सेल निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही पुलिस कमिश्नर द्वारा पुलिस ऑफिस में आधुनिक कैंटीन भी शुरू कर की जा चुकी है, जो दिखने में किसी मॉडल कैफे से कम नहीं लगती है।

## पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड की एक और उपलब्धि





### सीपी के 100 दिन का बदलाव, नजर आना हो गया है शुरू

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौर के गाजियाबाद कमिश्नरेट में 100 दिन से अधिक हो चुके हैं और उसका बदलाव और परिणाम अब नजर आने लगा है। पुलिस ऑफिस जो अंधेरे में डूबा रहता था। आसपास गंदगी और सुविधा नजर आती थी ,अब वहां आधुनिक बिल्डिंग, आर्टिफिशियल डिजाइनिंग लाइटें, सुंदर किचन गार्डन और मॉडर्न लुक में अधिकारियों के कार्यालय बनकर तैयार हो गए हैं, जो सीपी की सकारात्मक सोंच और बदलाव की ओर इशारा कर रहा है।

### कभी अंधेरे में रहता था कमिश्नर का ऑफिस, अब दूर से नजर आएगी रोशनी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद के मुख्य ऑफिस को आधुनिक लाइटिंग से सुसज्जित किया गया है। साथ ही इसमें ऐसी लाइटें लगाई गई हैं, जो दूर से ही नजर आएंगी और इसकी सुंदरता में चार चांद लग रही हैं। साथ ही पुलिस कमिश्नर ऑफिस में जो अन्य निर्माण कार्य बाकी है, उसे भी तेज गति से करवाया जा रहा है। बता दें कि पुलिस कमिश्नर ऑफिस के साथ ही इन दिनों कमिश्नरेट के कई थानों को भी सुंदर बनाने और पुलिस लाइन को आधुनिक स्टाइल में सजाने का काम जोरों पर चल रहा है।



## संपादकीय

# मौत की डोर है चीनी मांझा

रंग–बिरंगी पतंगें उड़ा कर लोग खुश होते हैं, लेकिन जिस चीनी मांझे के सहारे ये उड़ाई जाती हैं, वह कई निर्दोष नागरिकों और मासूम पक्षियों के लिए मौत की डोर से कम नहीं साबित हो रहीं। पतंगबाजी के रोमांच के अब आए दिन जानलेवा होने तक की खबरें आ रही हैं। बावजूद इसके स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अधिकतर लोग चीनी मांझे से पतंग उड़ाते हैं। दरअसल, प्लास्टिक और धातु का मिश्रण होने से यह मांझा इतना धारदार बन जाता है कि इससे उलझ कर हर वर्ष कितने ही पक्षियों की मौत हो जाती है।

कई लोग जख्मी हो जाते हैं। इससे कई लोगों की जान जाने की खबरें भी आ चुकी हैं। सवाल है कि तमाम प्रतिबंध के बावजूद ये मांझे लोगों को मिल कैसे जाते हैं! जबकि हर वर्ष लोगों को संचार माध्यमों से जागरूक किया जाता है। इसके जोखिम के मद्देनजर कई बार अदालतों से आदेश जारी हुए हैं, राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने सख्त रुख अख्तियार किया है। लेकिन आज भी अगर चीनी मांझे बाजार में खुलेआम या चोरी छिपे बिक रहे हैं, तो इसे रोकने में संबंधित एजंसियां नाकाम क्यों हैं। यह किसकी लापरवाही का परिणाम है कि इसकी वजह से पक्षियों के उड़ने की आजादी खतरे में पड़ रही है, सड़क पर वाहन चलाने वाले भी जोखिम की जद में हैं। कई राज्यों में लग चुका है प्रतिबंध यह निराशाजनक ही है कि चीनी मांझे पर प्रतिबंध आज तक कारगर साबित नहीं हुए। जबकि चीनी मांझे पर कई राज्यों में रोक है। दिल्ली में वर्ष 2017 से पाबंदी है। इसे बेचने और खरीदने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 15 के तहत सजा और जुमार्ने का प्रावधान है। खतरनाक मांझे बेच रहे लोगों पर छापे मारे जाते हैं, कुछ को गिरफ्तार भी किया जाता है।

फिर भी चीनी मांझे बेचने और खरीदने का ऐसा क्या जुनून है लोगों में कि जोखिम की आशंका के बारे में जानते–बूझते हुए भी वे न तो सजा से डरते हैं और न किसी जुमार्ने से। ऐसी स्थिति में इसके खतरों का दायरा बढ़ाने के लिए वैसे लोग भी जिम्मेदार हैं, जिन्हें सिर्फ अपने रोमांच और मनोरंजन की परवाह है। जाहिर है, इससे उपजी समस्या से पार पाने के लिए सरकार को बहुस्तरीय सख्ती बरतने की जरूरत है।

# लखनऊ मेट्रो का विस्तार', 18541 करोड़ की योजनाओं को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** कैबिनैट ने दूसरा बड़ा फैसला लखनऊ मेट्रो के बारे में लिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 5,801 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले लखनऊ मेट्रो के फेज वन बी परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही सरकार ने 8,146 करोड़ की लागत वाली क्लीन ग्रोथः टाटो-क्क हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 700 मेगावाट बिजली पैदा करेगी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट में लिए गए इन फैसलों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत चार और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी। आज स्वीकृत प्रस्ताव ग्उरी, कॉन्टिनेंटल डिवाइस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, 3ऊग्लास सॉल्यूशंस इंक और एडवांस्ड सिस्टम इन पैकेज (अरक्ढ) टेक्नोलॉजीज से जुड़े हैं। ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित की जाएंगी।



इन पर लगभग 4,600 करोड़ रुपये का खर्च किया जाएगा। इन परियोजनाओं में 2034 कुशल पेशेवरों को रोजगार मिलेगा। यह प्रोजेक्ट लेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा।

इसके असर से कई अप्रत्यक्ष नौकरियां भी पैदा होंगी। देश में आईएसएम के तहत अब कुल 10 स्वीकृत परियोजनाएं हैं। पूर्व की परियोजनाओं के तहत 6 राज्यों में लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है।

### लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना का विस्तार

केंद्रीय कैबिनेट ने लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण–1बी को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 12 स्टेशनों के साथ 11.165 किलोमीटर लंबा गलियारा तैयार किया जाएगा। परियोजना के तहत सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क को 34 किलोमीटर तक विस्तारित करने की योजना है। इस परियोजना का लक्ष्य पुराने लखनऊ के प्रमुख क्षेत्रों को मेट्रो नेटवर्क में शामिल करना है। इन इलाकों में शामिल हैं– अमीनाबाद, यहियागंज, पांडेगंज और चौक जैसे वाणिज्यिक केंद्र। इस परियोजना के बाद मेट्रो नेटवर्क से किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (मेडिकल कॉलेज) व प्रमुख पर्यटक आकर्षण, जैसे इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, भूल भुलैया, घंटाघर और रूमी दरवाजा भी जुड़ जाएंगे। शहर की समृद्ध और ऐतिहासिक खान–पान की संस्कृति के लिए प्रसिद्ध पाककला स्थल भी मेट्रो के नए फेज से जुड़ जाएंगे। इस परियोजना पर करीब 5,801 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

### अरुणाचल प्रदेश में जल विद्युत परियोजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अरुणाचल प्रदेश के शि योमी जिले में 700 मेगावाट की तातो–क्क जल विद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 8146.21 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसे 72 महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा। इस परियोजना का लक्ष्य 700 मेगावाट (4 ७ 175 मेगावाट) की क्षमता स्थापित करना है। जो 2738.06 एमयू ऊर्जा का उत्पादन करेगी। यह परियोजना उत्तर पूर्वी इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड और अरुणाचल प्रदेश सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी के माध्यम से चलाई जाएगी। इस परियोजना के तहत केंद्र सक्षम बुनियादी ढांचे के तहत सड़कों, पुलों और संबंधित ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण के लिए बजटीय सहायता के रूप में 458.79 करोड़ रुपये देगा। राज्य की इक्विटी हिस्सेदारी के लिए 436.13 करोड़ रुपये की केंद्रीय वित्तीय सहायता भी दी जाएगी।

# सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी से राज्यों व यू टी ने जुटाए 8450 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** आरबीआईद्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों ने राज्य सरकार प्रतिभूतियों (एसजीएस) की नीलामी से कुल 8,450 करोड़ रुपये जुटाए। इसमें बिहार सबसे आगे रहा, जिसने 30 वर्ष की अवधि के लिए 7.43 प्रतिशत की कट–ऑफ यील्ड के साथ 2,000 करोड़ रुपये जुटाए। राज्य सरकार की प्रतिभूतियों (एसजीएस) की ताजा नीलामी में देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने कुल 8,450 करोड़ रुपये जुटाए। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपनी अधिसूचित पूरी राशि स्वीकार कर ली। नीलामी में कट–ऑफ प्रतिफल 6.4377 प्रतिशत से 7.43 प्रतिशत के बीच रहा। नीलामी में पुनर्निर्गमों में सबसे अधिक हिस्सेदारी महाराष्ट्र की रही, जहां चार अलग–अलग चरणों में कुल मिलाकर 4,000 करोड़ रुपये जुटाए गए। इनमें 7.14 प्रतिशत के 1,000 करोड़ रुपये के एसजीएस 2045 शामिल हैं, जिन्हें 7.3248 प्रतिशत की उपज के साथ 98.07 रुपये पर दोबारा जारी किया गया। दूसरा, 1,000 करोड़ रुपये का 7.14 प्रतिशत एसजीएस 2046 था, जिसे 7.3170 प्रतिशत प्रतिफल के साथ 98.11 रुपये पर दोबारा जारी किया गया।




### राजकोषीय घाटे को पूरा करने में मिली मदद

यह यील्ड–आधारित नीलामी आरबीआई के नियमित कर्ज कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई। राज्य विकास ऋण (एसडीएल), राज्य सरकारों द्वारा अपने राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए जारी किए जाते हैं। प्रत्येक राज्य एक निर्धारित सीमा तक उधार ले सकता है। इन प्रतिभूतियों का जोखिम प्रोफाइल केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों के समान होता है, लेकिन आम तौर पर ये उच्च प्रतिफल प्रदान करते हैं, जिससे ये बेहतर रिटर्न चाहने वाले संस्थागत निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बन जाते हैं।

# आसान नियम, ज्यादा छूट, अधिक बचत

## नया टैक्स कानून मध्यमवर्ग के लिए फायदेमंद?



**नई दिल्ली।** नया आयकर विधेयक 2025 सोमवार को लोकसभा से पारित हो गया। अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाएगा। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने के बाद देश में 64 वर्ष बाद नया टैक्स लॉ लागू हो जाएगा। नए बिल को छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेने के लिए 13 फरवरी को पेश किया गया था 31 सदस्यों वाली संसदीय प्रवर समिति ने पिछले महीने अपने 4,575 पृष्ठों के विस्तृत निष्कर्ष प्रस्तुत किए। उनकी सिफारिशों में छोटे–मोटे समायोजन और 32 महत्वपूर्ण संशोधन शामिल हैं। पुराने 47 अध्यायों और 819 धाराओं को घटाकर अब 23 अध्याय और 536 धाराएं रखी गई हैं। इससे एनआरआई सहित सभी करदाताओं के लिए नियम समझना और पालन करना आसान होगा।

### नए विधेयक में क्या हुए बदलाव और क्या है इसके फायदे?

मध्यमवर्ग के लिए राहत– नई कर व्यवस्था अब डिफॉल्ट होगी। बेसिक छूट सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 4 लाख रुपये की गई है। सेक्शन 87अ के तहत टैक्स रिबेट 25,000 से बढ़ाकर 60,000 कर दिया गया है। इससे 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। स्टैंडर्ड डिडक्शन 75,000 रुपये बना रहेगा। इन बदलावों से मध्यवर्ग की जेब में सालाना लगभग 1.14 लाख रुपये तक की बचत हो सकती है। रिफंड का दावा करना होगा असान – करदाता रिटर्न देर से दाखिल करने की स्थिति में भी रिफंड का दावा कर सकते हैं। टीडीएस फाइल करने में देरी पर कोई जुमार्ना नहीं – टीडीएस फाइल करने में देरी होने पर कोई वित्तीय जुमार्ना नहीं लगेगा। किराया, ब्याज, डिविडेंड, कमीशन और प्रोफेशनल फीस जैसे कई मदों में ळऊर/ळउर की सीमा दोगुनी या उससे अधिक की गई है। इससे छोटे लेनदेन पर टैक्स कटौती की जरूरत घटेगी और करदाताओं के हाथ में ज्यादा पैसे रहेंगे। शून्य–टीडीएस प्रमाणपत्र – जिन करदाताओं पर कर देयताएं नहीं हैं, यानी वे आयकर नहीं देते, वे अग्रिम रूप से 'शून्य प्रमाणपत्र' का दावा कर सकते हैं। यह भारतीय और अनिवासी दोनों करदाताओं पर लागू होता है। कम्यूटेड पेंशन – कुछ करदाताओं के लिए कम्यूटेड पेंशन, एकमुश्त पेंशन भुगतान पर स्पष्ट रूप से कर कटौती होगी (पहले के मसौदे में इसका अप्रत्यक्ष उल्लेख था।

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 4% घटकर 6.64 लाख करोड़ हुआ, आंकड़े जारी

**नई दिल्ली।** सरकार की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार इस वित्तीय वर्ष में अब तक देश का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.64 लाख करोड़ रुपये है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 3.95 प्रतिशत कम है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार यह कमी अधिक रिफंड जारी करने के कारण आई है। प्रत्यक्ष करों में कंपनियों, एकल व्यक्तियों, पेशेवरों और अन्य फर्मों की आमदनी पर लगने वाले टैक्स शामिल हैं। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में




01 अप्रैल से 11 अगस्त तक शुद्ध कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन करीब 2.29 लाख करोड़ रुपये रहा। वहीं नन कॉरपोरेट शुद्ध टैक्स कलेक्शन जिनमें अविभाजित हिंदू परिवारों (ल्वत्र्) व फर्म्स की आमदनी पर लगने वाले टैक्स शामिल होते हैं, करीब 4.12 लाख करोड़ रुपये रहा। 1 अप्रैल से 11 अगस्त के बीच प्रतिभूति लेनदेन कर संग्रह 22,362 करोड़ रुपये रहा। कुल शुद्ध संग्रह लगभग 6.64 लाख करोड़ रुपये रहा। यह पिछले वित्तीय वर्ष (2024-25) की इसी अवधि में एकत्रित 6.91 लाख करोड़ रुपये से 3.95 प्रतिशत कम है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक जारी रिफंड 10 प्रतिशत बढ़कर 1.35 लाख करोड़ रुपये हो गया। 1 अप्रैल से 11 अगस्त के बीच सकल संग्रह 7.99 लाख करोड़ रुपये रहा। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के 8.14 लाख करोड़ रुपये से 1.87 प्रतिशत कम है। चालू वित्त वर्ष (2025-26) में, सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह 25.20 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया है। जो पिछले साल की तुलना में 12.7 प्रतिशत अधिक है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- सूर्य द्वारा छोड़े गए 800 अरब से ज्यादा न्यूट्रॉन आपके शरीर में से गुजर गये होंगे जब तक आपने यह वाक्य पढ़ा होगा।
- सहारा रेगिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा रेगिस्तान है जो 3500,000 २०. माइल्स में फैला है।
- कुत्ते के सूंघने की क्षमता इंसान से 1000 गुना ज्यादा होती है।
- विश्व की सबसे भारी धातु ऑस्मियम है। इसकी 2 फुट लंबी, चौड़ी व ऊँची सिल्ली का वजन एक हाथी के बराबर होता है।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए राकेट को 7 माइल्स प्रति सेकंड से जाना पड़ता है।
- सबसे पुराना रेडिओ प्रसारण 1930 में हुआ जो अब 100,000 तारों को पार कर चूका होंगा।
- लाइट की गति से भी हमे अपने पास वाली गैलेक्सी एंड्रोमेडा में जाने के लिए 2 मिलियन वर्ष लगेंगे।
- 2000 किलोमीटर दूर ग्रेड बैरियर रीफ धरती की सबसे बड़ी जीवित संरचना है।
- दुनिया में समुद्र में सबसे ज्यादा गहराई मरिआना ट्रेंच में है जो पेसिफिक समुद्र में है। इसकी गहराई 35,797 फीट है।
- धरती से किसी उल्कापिंड के टकराने का खतरा 9300 में से एक बार होता है।

## राशिफल

**मेष :** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृष :** नजदीकी वातावरण सुखद रहेगा। भूले–बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा।

**मिथुन :** यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ रहेगा।

**कर्क :** पुराना रोग परेशानी तथा बाधा का कारण बन सकता है। लापरवाही न करें। फालतू खर्च होगा। आर्थिक परेशानी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**सिंह :** यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार–व्यवसाय अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

**कन्या :** नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यस्थल पर सुधार या परिवर्तन संभव है। लंबित कार्य पूर्ण होने के योग हैं।

**तुला :** राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार–व्यवसाय से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। सहकर्मी साथ देंगे।

**वृश्चिक :** चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि संभव है। स्वास्‍?य का पाया कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**धनु :** कानूनी बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नए काम मिल सकते हैं। नौकरी में अधीनस्थ कर्मचारी सहयोग करेंगे।

**मकर :** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कोई बड़ा सौदा बड़ा लाभ दे सकता है। प्रमाद न कर भरपूर प्रयास करें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कुंभ :** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मित्रों तथा परिवार के सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। शोध इत्यादि कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**मीन :** नौकरी में तनाव रहेगा। अपेक्षित कार्य समय पर पूरे नहीं हो पाएंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। भावना में बहकर कोई निर्णय न लें।

## चुटकुले

टीचर : बेटा, जल्दी बताओ — इंडिया की राजधानी क्या है?
पप्पू : मैडम, लंच के बाद बताऊँगा
टीचर : क्यों?
पप्पू : भूखे पेट मेरा दिमाग काम नहीं करता!

---

पत्नी : सुनो, मुझे तुम्हारी याद आ रही थी।
पति : अरे वाह, सच में?
पत्नी : हाँ, इसलिए फोन किया
पति : ओह, और साथ में मोबाइल रिचार्ज भी करवाना है न?

---

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे भूलने की बीमारी हो गई है!
डॉक्टर : कब से?
मरीज : क्या कब से?
डॉक्टर : (मन ही मन — केस तो सीरियस है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत

# 47वीं वाहिनी पीएसी ने निकाली तिरंगा बाईक रैली




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में सेनानायक चारू निगम( आईपीएस ) 47वीं वाहिनी पीएसी गाज़ियाबाद के कुशल निर्देशन एवं सैन्य सहायक गोपाल सिंह की उपस्थिति में अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा लोक जागरूकता के लिए तिरंगा बाइक रैली निकाली गई।

इस दौरान जवानों द्वारा हाथों में राष्ट्रीय तिरंगा झंडा लेकर आम जनमानस की देश भावना व उसकी धरोहरों के प्रति लगाव को बढ़ाने एवं हर घर तिरंगा अभियान - 2025 की जागरूकता एवं सफल क्रियान्वयन के दृष्टिगत लगातार भारत माता की जय, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा एवं वंदे मातरम का उद्घोष किया गया। इस अवसर शिविरपाल जयेन्द्र कुमार गंगवार, दलनायक/आर.टी.सी प्रभारी योगेश चन्द पंत,सूबेदार मेजर मोमराज सिंह एवं वाहिनी में उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सन सिटी समूह की पुनरीक्षित डीपीआर पर सुझाव कर्ताओं को प्राधिकरण ने दिया सुनवाई का पूर्ण अवसर



### 211 आपत्तियां/सुझाव हुए थे प्राप्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास क्षेत्र के अंतर्गत विकासकर्ता मैसर्स सन सिटी हाईटेक इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही टाउनशिप की कड़ी में समूह के द्वारा प्रस्तुत पुनरीक्षित डीपीआर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 28 अप्रैल 2025 को संपन्न हुई उच्च स्तरीय बैठक के दौरान जनसामान्य से आपत्ति/सुझाव के कड़ी में प्राधिकरण के सभागार कक्ष में आपत्तियों को गंभीरता से सुना गया। प्राधिकरण के द्वारा कुल

### जन सामान्य को सुझाव /आपत्तियां दाखिल करने का दिया गया था समय

2420.11 एकड़ पर विकसित की जाने वाली टाउनशिप से जुड़ी पुनरीक्षित डीपीआर पर सुझाव/आपत्तियां जन समान्य से 5 जून से 4 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किए जाने का समय दिया गया था। इस दौरान प्राप्त 211 आपत्तियां/सुझाव प्राप्त हुए थे। समस्त आपत्ति/सुझावकर्ताओं को सुनवाई का पूर्ण अवसर देते हुए सुनवाई की प्रक्रिया सकुशल सम्पन्न हुई।

## शिष्टाचार भेंट



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मंगलवार को लखनऊ में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश, जनपद हापुड़ के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल से उनके निज निवास स्थान पर ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया, मनोज गौतम, पुष्पेन्द्र गुज्जर के साथ शिष्टाचार भेंट की।

## खेल विधेयक के समर्थन में उतरीं पीटी उषा, बोलीं- गतिरोध होगा समाप्त; बिल राज्यसभा से भी पारित



**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और राज्यसभा की मनोनीत सदस्य पीटी उषा ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक को अपना स्पष्ट समर्थन देते हुए कहा कि ये दशकों से चली आ रही स्थिर यथास्थिति को समाप्त करने में सहायक होगा। इसके अलावा देश के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही लएगा। बता दें कि, ये विधेय लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी पारित हो गया। दरअसल, सोमवार को लोकसभा द्वारा पारित विधेयक पर चर्चा के दौरान उषा ने इसके प्रावधानों की सराहना की। जिसें राष्ट्रीय खेल बोर्ड की स्थापना भी शामिल है। जिसके बाद खेल महासंघों (एनएसएफ) को मान्यता देने का सर्वोच्च अधिकार होगा। केंद्रीय निधि प्राप्त करने के लिए एनएसबी से संबद्धता अनिवार्य होगी। बता दें कि, विधेयक में खेल विवादों से निपटने के लिए राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण और राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल को राष्ट्रीय खेल महासंघों के चुनावों की निगरानी का भी प्रस्ताव है।

# शिब्बनपुरा-पटेलनगर का बुरा हाल, जलभराव से तंग लोगों ने लगाई मदद की गुहार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दो दिन पहले हुई तेज बारिश में वार्ड संख्या-9 पटेल नगर शिब्बनपुरा में नाले की दीवार टूट जाने से क्षेत्र में भारी जलभराव हो गया था। शिब्बन पुरा पटेलनगर के घरों तक नाले का पानी घुस गया था। जिस कारण कई लोगों को जलभराव के बीच ही रक्षाबंधन का पर्व मनाना पड़ा। लोगों को कहना है कि नाले के आसपास कूड़ा जमा होने के कारण पानी का फ्लो रूक गया।

फ्लो रूक जाने से पानी का दबाव बढ़ गया और नाले की दीवार भरभराकर गिर गई। लोगों ने कहा कि नगर निगम की ओर से बरसात से पहले इस नाले की सफाई और सिल्ट हटाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन ना तो नाले की सफाई की गई और ना ही दीवार के आसपास से कूड़े को हटाया गया। नतीजा यह हुआ कि नाले की दीवार तेज बारिश के दबाव को सह नहीं पाया। जिस कारण दीवार पूरी तरह टूट गई। दीवार टूटते ही नाले का सारा पानी सड़कों और घरों में आ गया। घरों में घुटनों तक पानी भर गया। लोगों ने पानी के बीच ही रक्षाबंधन का पर्व मनाया।

वहीं, नाले की दीवार की मरम्मत और जलभराव के स्थायी समाधान की मांग को लेकर वार्ड संख्या 9 पटेल नगर शिब्बनपुरा क्षेत्र के समाजसेवी पंकज शर्मा, अमित भारद्वाज, गौरव कौशिक क्षेत्र के जल भराव पीड़ित व्यक्तियों के साथ गाजियाबाद नगर निगम के संभव कार्यक्रम में अधिकारियों के समक्ष एक मांग पत्र प्रस्तुत किया। पंकज शर्मा ने कहा कि एक साल पहले दीवार कमजोर होने की सूचना नगर निगम को दी गई थी। इसके बाद भी नगर निगम की ओर से बरसात से पहले नाले की दीवार की मरम्मत नहीं की गई। दीवार टूटने से लोगों को हुई परेशानी के बाद मंगलवार को दीवार की मरम्मत का काम शुरू किया गया।

समाजसेवी पंकज शर्मा ने कहा कि मांग पत्र में एक नए बड़े नाले के निर्माण की आवश्यकता बताई गई। क्षेत्र से गुजरने वाले नाले ओवरफ्लो होने के कारण पूरा क्षेत्र जलमग्न हो जाता है। नगर निगम से गुजारिश की गई कि पटेल नगर सेकंड क्षेत्र को 600 एमएम पाइप के माध्यम से सीधे आरआरटीएस के नाले में जोड़ दिया जाए ताकि पूरे शहर से आने वाले जल के दबाव को वार्ड संख्या 9 को बर्दाश्त न करना पड़े। सदस्यों ने मेट्रो पॉइंट पर स्थापित ऑटो स्टैंड को अन्यत्र कहीं पर स्थानांतरित करने की मांग की।

# इंद्रप्रस्थ योजना में सीवर निर्माण के कार्य ने पकड़ी रफ्तार सभी पॉकेट को जोड़ने हेतु टेंडर की प्रक्रिया हुई क्रियान्वित

## जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों ने किया निरीक्षण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की इंद्रप्रस्थ योजना में सीवर लाइन के निर्माण का कार्य तेजी से प्रगति पर है। 66 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली इस योजना मे सीवर की समस्या के स्थायी समाधान हेतु सीवर निस्तारण कार्य को तीन चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पूरे योजना की जल निकासी और सीवर व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। योजना के अंतर्गत पहले चरण का काम पूरा किया जा चुका है। मौजूदा समय में दूसरे चरण के अंतर्गत कार्य को किया जा रहा है। बीच में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर कार्य को रोकना पड़ा था। अब दिल्ली जल बोर्ड से अनुमति प्राप्त करते हुए कार्य को कराया जा रहा है, जिसे जल्द पूरा किया जायेगा और दूसरे चरण का कार्य पूरा होने के बाद तीसरे चरण के कार्य की शुरूआत की जाएगी।

तीनों चरणों के पूर्ण होने पर इंद्रप्रस्थ योजना और आसपास के निवासियों को सीवर की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी और स्वच्छता व जल निकासी व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की कक्षाएं ओरिएंटेशन कार्यक्रम के साथ प्रारंभ




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एस0डी0जी0आई0 ग्लोबल यूनिवर्सिटी में द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों की कक्षाओं की शुरूआत 11 अगस्त 2025 को एक भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम के साथ हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों का हर्षोल्लास से स्वागत किया गया और नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत उत्साह, नवाचार और उत्कृष्टता के संकल्प के साथ हुई।

कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, आपकी एकाग्रता और ईमानदारी ही आपके आने वाले कल की सफलता की कुंजी है। कुलपति डॉ. प्रसंजित कुमार ने छात्रों को पूरे मनोयोग से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. वाइस चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और समयपालन के महत्व पर बल दिया। रजिस्ट्रार डॉ राजीव रतन एवं प्रॉक्टर संदीप सिंह ने विद्यार्थियों से शांतिपूर्ण और सकारात्मक वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया।

एस0डी0जी0आई0 ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने वर्ष 2025-26 के लिए अपनी शैक्षणिक संरचना, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म और सह-पाठयक्रम गतिविधियों को और बेहतर बनाया है, ताकि छात्रों को समग्र और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके।

# सिजेरियन डिलिवरी के बाद महिला की मौत, परिजनों ने किया जमकर हंगामा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महिला मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर और स्टाफ की लापरवाही के कारण महिला की जान चली गई। महिला को डिलीवरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला की सिजेरियन डिलीवरी हुई, उसके बाद से ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जानकारी के अनुसार मोदीनगर के दुबे अस्पताल में महिला को बीती रात डिलीवरी के लिए भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के कहे अनुसार महिला की सिजेरियन डिलीवरी की गई। बच्चा जन्म लेने के बाद ही महिला की हालत बिगड़ने लगी। डॉक्टरों ने दवाई इंजेक्शन वगैरह देने के बाद भी महिला की हालत में सुधार नहीं आया। देर रात महिला की अस्पताल में मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजन हंगामा करने लगे। उन्होंने डॉक्टरों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों ने पुलिस को लिखित सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पानी ना आने की शिकायत करना पड़ा भारी

## मेंटिनेंस स्टाफ ने रेजिडेंट को बुरी तरह पीटा, एक आरोपी हिरासत में



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम स्थित सायगोल्ड हाईराइज सोसाइटी में पानी की किल्लत को लेकर एक निवासी को मेंटिनेंस ऑफिस में शिकायत करना भारी पड़ गया। पानी ना आने की समस्या को लेकर शिकायत करने पहुंचे एक रेजिडेंट को मेंटिनेंस कर्मचारियों ने बेरहमी से पीट दिया। यह पूरी घटना सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को मामले की जानकारी दी, जिस पर कार्रवाई करते हुए इंदिरापुरम पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और अन्य आरोपियों की पहचान कर जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि इंदिरापुरम और वसुंधरा क्षेत्र की कई सोसाइटियों में बीते कई दिनों से पानी की भारी किल्लत है। इसी परेशानी को लेकर पीड़ित निवासी सायगोल्ड सोसाइटी के मेंटिनेंस ऑफिस में शिकायत करने गया था, लेकिन कर्मचारियों ने बातचीत के बजाय मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद रेजिडेंट्स में भारी आक्रोश है और उन्होंने सोसाइटी प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अन्य दोषियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# तुलसी निकेतन के लोगों को गंदगी से नहीं मिल रही निजात



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** तुलसी निकेतन कॉलोनी के लोग सड़क पर पसरी गंदगी से परेशान हैं। यहां पर सफाई न होने के चलते जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। नालों और नालियों का मलवा सड़कों पर फैला हुआ है। जिसकी वजह से आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। सीवर लाइन यहां पर नहीं है, जिसके कारण यहां के निवासी काफी परेशान हैं। कई बार शासन-प्रशासन अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। यहां सफाई व्यवस्था बदहाल है। सफाई न होने के चलते बदबू और मच्छर पनप रहे हैं। कॉलोनी की स्थिति बहुत ज्यादा खतरनाक बनी हुई है। स्थानीय निवासी आनंद ने बताया कि कॉलोनी में सफाई कर्मचारियों की संख्या भी काफी कम है। ऐसे में पूरी कॉलोनी की साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। यहां सड़कों पर गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। इस गंदगी की वजह से रातभर मच्छर सोने नहीं दे रहे हैं। ऐसे में यहां बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है । हम सभी निवासियों का निवेदन है कि तुलसी निकेतन कॉलोनी में सफाई कर्मचारी की संख्या बढ़ाई जाए ताकि सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो सके।

# पहले पोलियो को भगाया है, अब टी.बी.को भगाएंगे





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पहले पोलियो को भगाया है, अब टी.बी.को भगाएंगे, इस उद्घघोष को याद करते हुए रोटरी क्लब शिप्रा सनसिटी के अध्यक्ष आकाश शर्मा ने भी रेड क्रॉस के साथ मिलकर टी. बी. मुक्त भारत की संरचना में अपने संकल्प को मजबूत किया।

जनपद गाजियाबाद के साहिबाबाद गांव में स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर रेडक्रॉस सभापति सुभाष गुप्ता की उपस्थिति में 6 माह के लिए 25 क्षय रोगियों को गोद लेकर उनको उत्तम स्वास्थ्य की जानकारी और पोषण सामग्री देने की जिम्मेदारी ली।

आज इस अवसर पर रोटरी के असिस्टेंट गवर्नर रो. आशीष महाजन, क्षेत्रीय पार्षद हिमांशु चौधरी, केंद्र प्रभारी डॉ दीर्घा मैत्री, रोटरी अध्यक्ष आकाश शर्मा,व रेड क्रॉस सभापति डॉ सुभाष गुप्ता द्वारा सभी लाभार्थियों को उत्साह वर्धन करते हुए नियमित रूप से दवा लेने की सलाह देने के साथ साथ पौष्टिक भोजन करने का भी सुझाव दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सबसे पहले गाजियाबाद को टी. बी. मुक्त करने का लक्ष्य साधा है जिसके लिए हम सब मिलकर पूरी तन्यता के साथ लगे हुए हैं।

# राजनगर एक्सटेंशन के द क्रीसेंट मॉल के बाहर चल रही अवैध पार्किंग, लोगों की नगर निगम से शिकायत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम की नाक के नीचे माल संचालक की ओर से पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। राजनगर एक्सटेंशन स्थित द क्रीसेंट मॉल के बाहर सड़क पर माल संचालक की ओर से पार्किंग बनाई गई है जबकि यह जमीन सरकारी है। मॉल संचालक ने मॉल के गेट से नाले तक और उससे आगे ग्रीन बेल्ट तक कब्जा कर पार्किंग बना दी है।

फेडरेशन आऑफ राज नगर एक्सटेंशन सोसाइटीज के वरिष्ठ महासचिव अभिनव त्यागी ने इस मामले में नगर निगम को शिकायती पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

नगर निगम को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या राजनगर एक्सटेंशन के द क्रीसेंट मॉल में कोई पार्किंग का ठेका दिया गया है या नहीं। अगर दिया गया है तो उसमें पार्किंग शुल्क क्या है। मॉल संचालक की ओर से कार पार्किंग के लिए बहुत ज्यादा शुल्क वसूला जा रहा है। शिकायत मिलने के बाद नगर निगम की ओर से अवैध चल रही पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में राजनगर एक्सटेंशन स्थित द क्रिसेंट मॉल कैसे बाहर चल रही अवैध पार्किंग पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

# बजरंग निवास पर हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कविनगर केबी–45 स्थित बजरंग निवास में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। यह आयोजन अर्पित चड्ढा और रचित गोयल द्वारा रखा गया था। नई कोठी लेने के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ किया गया। इस अवसर पर दैनिक करंट क्राइम के प्रधान संपादक मनोज गुप्ता, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, नरेश गोयल, राघव गोयल, संदीप गंभीर, देवेंद्र हितकारी, देवेंद्र अग्रवाल, संजय गोयल, अजय गुप्ता, नरेश चंद गोयल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।




## किराना मंडी वाले रहें फूड वालों के छापे से सावधान

इन दिनों व्यापारियों की हालत पर वह शेर लागू हो रहा है जिसमें कहा गया है कि हमें तो अपनों ने लूटा, गैरों में कहां दम था। व्यापारी एकता का नारा देने वाले ही इन दिनों मुखबरी कर रहे है। वो बाकायदा दुकान–दुकान का पता दे चुके हैं और ये भी कह चुके हैं कि छापा आप मारो और नोट हम छपवा देंगे। घंटाघर के बाद अब अगला नंबर किराना मंडी का है। बाजार वाले सूत्र बताते हैं कि फूड वाले पांडेय जी इन दिनों किराना मंडी के चक्कर काट रहे है। जन्माष्टमी का सीजन आ रहा है और छापे तो लगेंगे ही, सैम्पल तो भरे ही जायेंगे। बताने वाले बता रहे हैं कि निशाने पर इन दिनों स्वर्गीय पूर्व विधायक के भतीजे की दुकान है। हालांकि अब विधायक जी के भतीजे अब यहां नहीं बैठते हैं अब कोई और ही दुकान को चलाता है। लेकिन बताया ये जा रहा है कि शुरूआत यहीं से होगी और इस बार किराना मंडी निशाने पर रहेगी। वहीं व्यापारियों के लिए खबर ये है कि जिन्हें वो अपना हितैशी मानकर चल रहे हैं वो ही फूड वालों से हाथ मिलाकर चल रहे हैं।

## नहीं मिली शराब तो सिलेंडर उठाकर ले गये सुपरवाईजर साहब

सदन की मुखिया को नाले में कचरा फेंकते लोग दिख रहे हैं और विभाग के बडे. साहब ड्रोन से ये देख रहे हैं कि हाउस टैक्स कहां से कितना आयेगा। लेकिन इस विभाग के भ्रष्ट्राचार को कौन देखेगा, ये कोई नहीं बता रहा। मामला नदिया पार के एक जोन का है और यहां पर निर्माण विभाग के एक सुपरवाईजर की टोन बहुत ही खराब रही है। मुखिया मैडम तो तू–तड़ाक तक रूक जाती हैं लेकिन सुपरवाईजर तो मदर–सिस्टत तक आ गये। नदिया पार की उस धरा वाले जोन में निर्माण वाले सुपरवाईजर ने ठेले वाले से शराब की एक बोतल की डिमांड की। ठेले वाले ने डिमांड नहीं पूरी की तो सुपरवाईजर ने ठेले वाले का रिमांड ले लिया। रात में 10.30 बजे सुपरवाईजर ने ठेले वाले का सिलेंडर उठाकर रख लिया। ठेले वाला मनुहार करता रहा मगर सुपरवाईजर ने भी इंकार कर दिया। फिर अगले दिन 4 बजे सिलेंडर वापस लौटाया गया। सुपरवाईजर डाल–डाल है तो ठेले वाला भी पात–पात है। सुपरवाईजर ने सिलेंडर उठाया भी लौटाया भी लेकिन ठेले वाले ने भी शराब की बोतल तो क्या पव्वा तक भी नहीं दिया है। ठेले वाला भी खुद को भाजपाई बता रहा है।

## 17 लाईट कराई पार्षद ने पास और ले गये उन्हें मंडल प्रधान के खास

कहानी एक ऐसे वार्ड की है जहां समझ में नहीं आ रहा कि कहानी का नायक कौन है, नायिका कौन है। कहानी में खलनायक कौन है और खलनायिका कौन है। जिन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया वो कह रही है कि मुझे तो वार्ड का विकास देखने के लिए ऑथराईज किया गया है। जिन्हें जनता ने जिताया है वो वाली मैडम का चेहरा दिखाई नहीं देता और पार्षद वाले कॉलम को पूरा करने के लिए उनके पति आ जाते हैं। पार्षद पति की ऐसी दुर्गति दूसरे किसी वार्ड में नहीं देखी गई। बड़ी मैडम उन्हें डांट चुकी हैं कि रोज–रोज मेरे पांव छूने मत आया कर और मौहल्ले वाली मैडम ने उसकी पार्षदी कैप्चर कर ली है। रही सही कसर अब मंडल के प्रधान ने पूरी कर दी है। कहानी का खुलासा तब हुआ जब पार्षद पति ने निगम वाले अफसर के सामने गुहार लगाई। उसने बताया कि साहब मैंने जैसे–तैसे करके वार्ड के लिए 17 लाईट पास कराई। जब लाईट पास हो गई तो मंडल वाले प्रधान ने उन्हें अपने घर में रखवा लिया। मैंने उन पर विश्वास कर लिया और अब पता चला है कि लाईट तो मंडल प्रधान ने अपने खास–खास लोगों के यहां लगवा दीं। लोग पार्षद पति को फोन कर रहे हैं और पार्षद पति को ये समझ नहीं आ रहा कि जीती उनकी पत्नी है वो पार्षद पति हैं और यहां विकास का ठेका मौहल्ले की पूर्व पार्षद और वर्तमान मंडल प्रधान ने ले लिया है। मौहल्ले वाले अब पूछ रहे हैं कि जब तेरे बसका नहीं था काम कराना तो तू चुनाव लड़ा ही क्यों था?

# अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर नगर आयुक्त ने किया विद्यार्थियों का जागरूक

## युवाओं का स्वच्छता और पर्यावरण के लिए जागरूक होना कल को बनाएगा बेहतर : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर के 15 स्कूलों के विद्यार्थियों को स्वच्छता पर्यावरण तथा सशक्त बनने हेतु संबोधित करते हुए मोटिवेट किया गया।



उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स शास्त्री नगर तथा श्री गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज लोहिया नगर में नगर आयुक्त द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। मौके पर क्षेत्रीय पार्षद अमित त्यागी व शीतल देओल भी उपस्थित रहे जिनके द्वारा उपस्थित 15 स्कूलों के विद्यार्थियों को पर्यावरण स्वच्छता और सशक्त बनने हेतु जागरूक किया गया। नगर आयुक्त द्वारा विद्यार्थियों को संबोधन करते हुए स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड के बारे में भी बताया गया। स्कूल के द्वारा स्वच्छता की पाठशाला को भी महत्व देते हुए कोर्स में शामिल करने की अपील की गई तथा युवाओं को एक सशक्त भारत बनाने के लिए मोटिवेट किया गया। स्वच्छता और पर्यावरण के बारे में भी विस्तृत चर्चा छात्र और छात्राओं से की गई।

नगर आयुक्त द्वारा विशेष रूप से छात्राओं के स्कूल में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर जन जागरूकता का अभियान चलाया गया। उत्तम स्कूल की प्रधानाचार्य तथा श्री गुरु नानक स्कूल के प्रबंधक गुरजीत द्वारा भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जन जागरूकता हेतु चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा की गई तथा नगर आयुक्त व पार्षदों का धन्यवाद किया गया।

### नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया पौधरोपण

**करंट क्राइम।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नगर आयुक्त द्वारा सभी विद्यार्थियों तथा अध्यापक–अध्यापिकाओं के साथ मिलकर पौधरोपण भी किया गया। शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संदेश देते हुए उपस्थित सभी विद्यार्थियों को हर घर में स्वच्छता और हर घर में तिरंगा के लिए भी जागरूक किया गया। छात्राओं का स्वच्छता और पर्यावरण के लिए जागरूक होना आने वाले कल के लिए बेहद जरूरी है। नारी शक्ति ही ऐसी शक्ति है जिसके द्वारा आने वाले पर्यावरण को सुंदर और स्वच्छता प्रदान की जा सकती है। ऐसा कहते हुए नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित छात्राओं को मोटिवेट किया गया।

### हापुड़ में कैफे में बहन और प्रेमी को पीटा

हापुड़। हापुड़ में बहन को प्रेमी के साथ बैठा देख भाई ने दोनों की पिटाई कर दी। दोनों कैफे में बैठे थे। तभी भाई वहां लोहे की रॉड लेकर पहुंचा। प्रेमी कुछ समझ पाता तब तक लड़की के भाई ने उसपर ताबड़तोड़ वार कर दिया। इतने में लड़की के भाई के तीन और दोस्त आ गए। लड़की ने प्रेमी को बचाने की कोशिश की तो भाई ने उसे भी 5 सेकेंड में 5 थप्पड़ जड़े।

## रक्षाबंधन





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। साध्वी महंत कैलाश गिरी महाराज ने रक्षाबंधन पर्व पर देश की रक्षा करने वाले फौजियों को राखी बांधी। साध्वी महंत कैलाश गिरी ने अटारी बागा बॉर्डर के मशहूर एंकर विवेक हूण को राखी बांधी। वो विशेष रूप से राखी बंधवाने के लिये महंत कैलाश गिरी के आवास पर पहुंचे थे। इस दौरान साध्वी महंत कैलाश गिरी के साथ सरिता गर्ग, पूजा वर्मा, नरिता शर्मा, रीटा गुप्ता, सुनीता गुप्ता, मिथिलेश शिशौदिया, माया, मोना, श्वेता कपूर, सुधा तौमर आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।




## क्या मिलेगा थ्री-स्टार को खास ऑफिस में पोस्टिंग का फायदा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी सख्या में थ्री–स्टार हैं। कुछ थ्री–स्टार जहां अपनी वर्किंग से स्थान ले रहे हैं तो कुछ के नाम किस्से और कहानियों में भी सुनाई देते हैं। बीते कुछ दिनों से कमिश्नरेट वाले सिस्टम में एक थ्री–स्टार के दिन अच्छे चलने की चर्चा सुनाई दे रही है। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि बीते दिनों कई प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया था। तो कई खास ऑफिस से जुड़े चेहरे भी इधर से उधर किए गए थे। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियरबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि निकट भविष्य में एक खास ऑफिस से जुड़े थ्री–स्टार ने पोस्टिंग के लिए माहौल बनाना शुरु कर दिया है। जिसमें दावा किया जा रहा है कि उनको फायदा मिल सकता है। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि वैसे उनका मामला पुराने वाले साहब के समय में डिरेल हो गया था। वह कभी इस सेल तो कभी उस सेल भेजे जाते थे। बीते दिनों उनकी एक खास सेल में डयूटियों वाली पुरानी लिस्ट भी वायरल हो गई थी लेकिन उसके बाद उनपर कृपा वाला आशीर्वाद मिलने की बात की जा रही है। वहीं कांवड़ में उनकी ड्यूटी भी लगाई गई थीं जो कमिश्नरेट को नमस्ते, टाटा बॉय–



बॉय कर चुके थे। पर वर्तमान में वो एक खास ऑफिस से जुड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि आजकल कार्यालय में जो भी एंट्री लेता है पहले उन्हीं से राम राम श्याम श्याम होती है। वह बीते दिनों बहुत तनाव वाले मूड में थे और अब बताया जा रहा है कि धीरे–धीरे वह कार्यालय के शीतल पेय पदार्थों का आनंद ले रहे हैं। उनके नाम की चर्चा इन दिनों पुलिस ऑफिस में भी हो रही है। सूत्रों ने बताया है कि अब वह राइट सीट पर आए हैं। जिसके बाद उनको चॉइस वाला चांस मिल सकता है, पर अभी वेट का टाइम पीरियड नहीं पता है। वहीं बताया जा रहा है कि नदियापार में उनकी पारी ठीक रही थी, पर ट्रांस हिंडन से मामला ऐसा टर्न लिया कि वह सीधे लाइन के कई कार्यालय में ही समय काटते देखे गए। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अगली लिस्ट कब आती है और उस लिस्ट में खास ऑफिस से जुड़े थ्री–स्टार का क्या होता है। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि उन्होंने अपनी फील्डिंग जमाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं और जब वह साइड लाइन चल रहे थे, तो कई थाना प्रभारियों से लगातार संपर्क में भी रहते थे। अब पावर में उनका हाल क्या रहता है, यह तो आने वाले दिनों में ही पता चल पाएगा।

### सोमवार की घटना के बाद मंगलवार को फल सब्जी मंडी व्यापारी आढती विकास समिति की बैठक आयोजित

# मंडी समिति के सचिव के तबादले को लेकर आढतियों ने रखी डेडलाइन, 19 से मंडी बंद रखने की दी चेतावनी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद फल सब्जी मंडी व्यापारी आढती विकास समिति की एक बैठक अध्यक्ष ज्ञानचंद यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें समिति के सचिव का तत्काल तबादला करने की मांग की गई। बैठक में सोमवार की घटना को निंदा की गई। सदस्यों ने कहा कि सोमवार को व्यापारियों की शांतिपूर्ण बैठक चल रही थी तभी विघ्न डालने और अपना वर्चस्व कायम करने के लिए मंडी के एक व्यापारी भारत भाटी को निशाना साधते हुए अचानक गोली चलाई गई।

समिति के अध्यक्ष ज्ञानचंद यादव ने कहा कि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हरीश चौधरी ने हाथ में रिवाल्वर लहराते हुए 20–25 गुंडो को मारने और उपद्रव करने के लिए कहा। जिससे माहौल बिगड़ गया। उन्होंने कहा कि हरीश चौधरी ने सीधे गोली चलानी शुरू कर दी। एक पल्लेदार सचिन को गोली भी लगी। इस प्रकरण में जिला प्रशासन और जिला पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।



बैठक में मंडी यूनियन और समस्त व्यापारियों ने समिति के सदस्यों का आभार जताया है। कार्यालय इ2 पर आयोजित बैठक में सभी व्यापारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में मंडी सचिव के खिलाफ अत्यधिक रोज व्यक्त किया गय। आढतियों ने कहा कि मंडी सचिव अवैध रूप से लाइसेंस बनाता है और अवैध उगाही करता है। अवैध रूप से लोगों को जगह–जगह कब्जा करा रहा है।

सोमवार की घटना इसी का परिणाम है, जिसमें मंडी में गोली चली और एक व्यक्ति को गोली भी लगी। मंगलवार को मंडी समिति ने निर्णय लिया कि मंडी सचिव का तबादला अति आवश्यक है। जिसके लिए समिति द्वारा 18 अगस्त तक मंडी सचिव का तबादला करने की मांग की गई। अगर इस दौरान मंडी सचिव का तबादला नहीं हुआ तो समस्त व्यापारी अपने कार्य से 19 अगस्त से विरत रहकर मंडी में कोई कारोबार नहीं करेंगे। मंडी व्यापारी 19 अगस्त से पूर्णतया अपने व्यापार से विरत रहेंगे। इस संबंध में आढतियों ने जिलाधिकारी और सभापति को अवगत कराएंगे।

# पार्षद प्रवीण चौधरी ने दूर की राजकुंज में पेयजल की दिक्कत

## कॉलोनी का अलग ट्यूबवेल का किया उद्घाटन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पॉश कॉलोनी राजकुंज में महीनों से पेयजल का संकट मंगलवार को दूर हो गया। पार्षद प्रवीण चौधरी ने राजकुंज पार्क में कॉलोनी के लिए नगर निगम की ओर से अलग से बनाए गए ट्यूबवैल का उद्घाटन किया। इस मौके पर कॉलोनी के कई रेजीडेन्ट्स मौजूद थे, जिन्होंने मिष्ठान वितरित कर नलकूप चालू होने पर खुशी जताई।

गौरतलब है कि जीडीए वीसी के आवास से सटी राजकुंज कॉलोनी महीनों से पेयजल संकट का सामना कर रही थी। हालत यह थी कि कई रेजीडेन्ट्स को पानी के टैंकर मंगाने पड़ रहे थे। राजकुंज वेलफेयर एसोसिएशन ने इस जलसंकट की जानकारी क्षेत्र के पार्षद प्रवीण चौधरी को दी तो उन्होंने नगर निगम के उच्चाधिकारियों से मिलकर कॉलोनी में 10 हॉर्सपावर का अलग ट्यूबवैल लगवा दिया। मंगलवार को इस नलकूप से पानी की सप्लाई शुरू हो गई। कॉलोनीवासियों के आग्रह पर नलकूप का उद्घाटन पार्षद प्रवीण चौधरी ने अपने हाथों से ही किया।

इस मौके पर रेजीडेन्ट्स ने राजकुंज कॉलानी में टूट रही सड़क का पुनर्निमाण, नालियों की सफाई, पार्क की देखरेख और बिजली के तार छू रहे पेड़ों की छंटाई कराने का भी उनसे आग्रह किया। पार्षद ने सड़क को छोड़कर बाकी कार्य एक सप्ताह के भीतर कराने का भरोसा दिया। उन्होंने बारिश का मौसम खत्म होने के बाद सड़क का पुनर्निर्माण कराने का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर राजकुंज वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव गोयल, महासचिव अजय औदीच्य, निर्मल सिंह, विनीत कुमार असीजा, प्रमोद महेश्वरी, अनिल द्विवेदी, उमेश गोयल, प्रवीण मल्होत्रा, राजीव ढींगरा, हंस अरोड़ा, प्रदीप जायसवाल, एस सरकार, महेन्द्र मित्तल समेत कई वरिष्ठ रेजीडेन्ट्स मौजूद रहे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जन्मदिन सबके लिए खास होता है। पायल अरोड़ा के जन्मदिन को उनके परिवार ने, उनके दोस्तों ने, उनके शुभचिंतकों ने खास बनाया। पायल अरोड़ा को उनके हैप्पी बर्थडे पर यह एहसास कराया कि वह उनके लिए खास है। जन्मदिन पर शुभकामनाओं से हैप्पी फील कराती बर्थडे की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# यूएनएससी में भारत ने दोहराया संकल्प

## स्वतंत्र और मुक्त समुद्री व्यवस्था के लिए जताई प्रतिबद्धता

**संयुक्त राष्ट्र।** विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने सोमवार को इस बहस में भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि समुद्री सुरक्षा एक साझा चुनौती है, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के सिद्धांतों के अनुसार समुद्री व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समुद्री मार्गों के जरिए वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और संचार जैसे अहम क्षेत्र जुड़े हैं, इसलिए इस क्षेत्र में भारत की भी बड़ी भूमिका और जिम्मेदारी है।



समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दे भारत के लिए महत्वपूर्ण तन्मय लाल ने बताया कि भारत के पास 11,000 किमी से अधिक लंबा समुद्री तट और लगभग 1,300 द्वीप हैं, साथ ही 2.3 मिलियन वर्ग किमी का विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) भी है। ऐसे में समुद्री सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और पर्यावरणीय संतुलन भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण मुद्दे हैं।


उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समुद्री सुरक्षा नीति 'महासागर' का भी जिक्र किया, जिसका मतलब है सभी क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति। इसके तहत क्षेत्रीय सहयोग, पारदर्शिता और सुरक्षा को बढ़ावा दिया जाता है।

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की समुद्री सुरक्षा पर उच्च स्तरीय बहस में भारत ने एक बार फिर 'स्वतंत्र, खुली और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराया**

भारत द्वारा शुरू की गई समुद्री पहल के बारे में दी जानकारी तन्मय लाल ने आगे बताया कि भारत ने पहले से ही समुद्री क्षेत्र में कई अहम पहलें शुरू की हैं। इसमें आईएफसी-आईओआर यानी इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर- इंडियन ओशन रीजन शामिल है, जो हिंद महासागर क्षेत्र में निगरानी और सूचना साझा करने का काम करता है। इसके अलावा, ई-समुद्र नाम का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म जल्द शुरू होगा, जो समुद्री गतिविधियों की रीयल टाइम निगरानी और पारदर्शी प्रशासन में मदद करेगा।

# बांग्लादेश: आम चुनाव को लेकर अंतरिम सरकार ने कसी कमर, गृह सलाहकार बोले- स्वतंत्र और निष्पक्ष होगा निर्वाचन

**ढाका।** बांग्लादेश के गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने केरानीगंज में एक मतदान केंद्र का दौरा करने के बाद कहा कि चुनाव की संभावित तारीख की घोषणा कर दी गई है। चुनाव आयोग निश्चित तारीख की घोषणा करेगा। सभी लोग शांतिपूर्ण चुनाव चाहते हैं। हम अगला चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और उत्सवपूर्ण तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से पूर्ण सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनके सहयोग के बिना निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराना असंभव है।



### पिछले साल अवामी लीग की गिर गई थी सरकार

जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंततः 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गईं। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया था। पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में राजनीतिक दल नए सिरे से आम चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने घोषणा की थी कि देश में फरवरी 2026 में आम चुनाव होंगे। यह घोषणा 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर की गई। शनिवार को बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने एक बैठक में आम चुनावों के लिए मतदान केंद्रों पर पूर्ण सुरक्षा का आह्वान किया।

# ऑस्टिन में पार्किंग स्थल में गोलीबारी तीन की मौत संदिग्ध हमलावर गिरफ्तार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब ताजा घटना टेक्सास के ऑस्टिन शहर में सामने आई है, जहां एक आरोपी ने रिटेल स्टोर टारगेट की पार्किंग में तीन लोगों को गोली मार दी। गोली लगने से तीनों की मौत हो गई। गोलीबारी के बाद आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया। हालांकि बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जांच में पता चला है कि आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।




संदिग्ध आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने बताया कि संदिग्ध आरोपी करीब 30 वर्षीय है। आरोपी हत्याएं करने के बाद कार चुराकर घटनास्थल से फरार हुआ था। भागने के दौरान उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई तो उसने एक कार डीलर की दुकान से एक और कार चुरा ली। हालांकि उसकी पूरी ये कवायद काम नहीं आ सकी और पुलिस ने घटनास्थल से करीब 32 किलोमीटर दूर शहर के दक्षिणी छोर पर उसे टेजर गन की मदद से हिरासत में ले लिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 2.15 बजे उन्हें टारगेट की पार्किंग में गोलीबारी की सूचना मिली थी। सूचना पाकर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां दो लोग मृत पाए गए और एक गंभीर रूप से घायल था। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह ऑस्टिन के लिए बेहद दुखद दिन है और उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जाहिर की।

### मेयर ने बताया- बंदूक हिंसा का घिनौना कृत्य

ऑस्टिन के मेयर किर्क वॉटसन ने एक्स पर साझा एक पोस्ट में कहा, 'यह एक विनाशकारी स्थिति है और मेरी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।

# ईरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के बीच वार्ता शुरू, तेहरान ने कहा- जटिल और तकनीकी होगी बातचीत

**तेहरान।** अमेरिका और इस्राइल के हमलों के बाद ईरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के बीच वार्ता एक बार फिर शुरू होने जा रही है। इसे लेकर ईरान ने कहा है कि यह वार्ता तकनीकी और जटिल होगी। ईरान के विदेश मंत्रालय ने यह बयान उस वक्त दिया जब परमाणु निगरानी संस्था तेहरान का दौरा करने वाली है। जून में इस्राइल और अमेरिका के हमले के बाद ईरान ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से संबंध तोड़ लिए थे।



]सोमवार को ईरान के उप विदेश मंत्री काजम गरीबाबादी ने बताया कि आईएईए के उप महानिदेशक और सुरक्षा प्रमुख मास्सिमो अपारो ईरान छोड़ चुके हैं। अपारो ने ईरानी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इसमें विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन के अधिकारी शामिल थे, ताकि एजेंसी और ईरान के बीच बातचीत के तरीके पर चर्चा की जा सके। गरीबाबादी ने कहा कि उन्होंने भविष्य में भी परामर्श जारी रखने का निर्णय लिया है, हालांकि उन्होंने इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी।

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि आईएईए की विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ बैठक हो सकती है, लेकिन यह तकनीकी और जटिल वार्ता है। बाघेई ने जून में इस्राइल के साथ हुए युद्ध के दौरान कअएअ की स्थिति की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि 24 घंटे निगरानी में रहने वाले देश के शांतिपूर्ण प्रतिष्ठानों को हमलों का निशाना बनाया गया और एजेंसी ने बुद्धिमत्तापूर्ण और तर्कसंगत प्रतिक्रिया दिखाने से परहेज किया तथा इसकी निंदा भी नहीं की। ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने कहा था कि एजेंसी के साथ सहयोग के लिए अब ईरान की सर्वोच्च सुरक्षा संस्था सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल की मंजूरी जरूरी होगी। दोनों पक्षों के सहयोग के तरीके को नए सिरे से परिभाषित करने के बारे में होगा। इस फैसले के बाद एजेंसी की तेहरान के उस कार्यक्रम पर नजर रखने की क्षमता और सीमित हो जाएगी, जो हथियार-स्तर के करीब यूरेनियम संवर्धन कर रहा था।

# एलएसी के पास चीन बनाएगा शिनजियांग तिब्बत रेल लिंक, इसी साल के अंत में शुरू होगा काम

**बीजिंग।** भारत के साथ रिश्ते सुधरने के बीच चीन फिर अपनी चालाकियों में जुट गया है। चीन भारत से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास अपनी महत्वाकांक्षी योजना के तहत शिनजियांग-तिब्बत रेल लिंक बनाने जा रहा है। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार चीन अपने इस महत्वाकांक्षी रेल लिंक का निर्माण साल के अंत में शुरू करेगा।



यह रेल लिंक शिनजियांग के होटन को तिब्बत के ल्हासा से जोड़ेगा। सरकारी समाचार एजेंसी शंघाई सिक्योरिटीज न्यूज के मुताबकि शिनजियांग-तिब्बत रेलवे कंपनी को औपचारिक रूप से 13.2 अरब अमेरिकी डॉलर (95 अरब युआन) में पंजीकृत किया गया है। परियोजना के निर्माण के लिए इसका पूर्ण स्वामित्व चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप के पास है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लक्ष्य 2035 तक ल्हासा पर केंद्रित 5,000 किलोमीटर का पठारी रेल ढांचा स्थापित करना है। रेल मार्ग का कुछ हिस्सा चीन-भारत वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास से भी गुजरेगा।

### अक्साई चिन से गुजरता है शिनजियांग-तिब्बत हाईवे

शिनजियांग-तिब्बत रेल लिंक चीन की विशाल बुनियादी ढांचा परियोजना, शिनजियांग-तिब्बत राजमार्ग से जुड़ेगा। इसे जी219 हाईवे कहा जाता है।

# पेंसिल्वेनिया के यूएस स्टील प्लांट में धमाका, दो की मौत, कई घायल, पूर्व में भी विवादों में रहा ये प्लांट

**वॉशिंगटन।** आग लगने के बाद हुए धमाके पुलिस ने बताया कि मोन वैली इलाके में स्थित प्लांट में सोमवार सुबह 10.51 बजे आग लगी। आग के बाद धमाका हुआ और उसके बाद कई और छोटे-छोटे धमाके हुए, जिसमें एक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने लोगों को घटनास्थल से दूर रहने की हिदायत दी है। धमाके की वजह का अभी तक पता नहीं चल सका है। बता दें कि यूएस स्टील अब जापान की निप्पोन स्टील कंपनी की सब्सिडयरी कंपनी है। कंपनी प्रशासन ने कहा है कि हादसे की वजह का पता लगाने के लिए जांच करेंगे।



गौरतलब है कि सितंबर 2009 में भी प्लांट में धमाका हुआ था, जिसमें एक कर्मचारी की मौत हुई थी। जुलाई 2010 में एक बार फिर से प्लांट में धमाका हुआ, जिसमें 14 कर्मचारी और छह कॉन्ट्रैक्टर घायल हुए। साल 2014 में भी प्लांट में हादसा हुआ था, जिसमें एक कर्मचारी की जलने से मौत हो गई थी। इन हादसों के चलते यूएस स्टील पर सुरक्षा उल्लंघन के लिए जुमार्ना भी लगा था। कई बार विवादों में रह चुकी है कंपनी यूएस स्टील के पेंसिल्वेनिया प्लांट में करीब 1400 कर्मचारी काम करते हैं। यह प्लांट प्रदूषण चिंताओं को लेकर भी चचाओं में रहा है। साल 2019 में यूएस स्टील प्लांट ने वायु प्रदूषण के एक मुकदमे को 85 लाख डॉलर में सुलझाया था। साथ ही कंपनी ने अपने प्लांट के अपग्रेड के लिए भी करोड़ों डॉलर खर्च किए थे। साथ ही 50 लाख डॉलर

**अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में एक स्टील प्लांट में धमाका हुआ है, जिसमें दो लोगों की मौत हुई है और 10 अन्य घायल हुए हैं। घटना सोमवार को पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग के नजदीक स्थित यूएस स्टील प्लांट में हुई। धमाके के चलते प्लांट को भारी नुकसान पहुंचा है। धमाके के बाद घटनास्थल से काला धुआं उठता देखा गया**

# अमेरिकी हवाई अड्डे पर खड़े एयरक्राफ्ट से टकराया विमान लगी भीषण आग, दिखा धुएं का गुबार, बचाव कार्य तेज

**वॉशिंगटन।** एफएए के अनुसार सोकाटा टीबीएम 700 टर्बोप्रॉप विमान जमीन पर एक खाली खड़े विमान से टकराया। इसके बाद लगी आग घास वाले इलाके में फैल गई और काला धुआं उठा। मोंटाना हवाई अड्डा कालीस्पेल शहर के दक्षिणी इलाके में है। कालीस्पेल के अग्निशमन प्रमुख जे हेगन ने बताया कि एक विमान दक्षिण दिशा की ओर से आया और रनवे के अंत में हादसे का शिकार हो गया। इसके बाद वहां खड़े विमान से टकरा गया। विमान में आग लग गई। इससे पहले विमान में सवार पायलट और तीन यात्री स्वयं बाहर निकलने में सफल रहे। हेगन ने बताया कि दो यात्री मामूली रूप से घायल हो गए, जिनका हवाई अड्डे पर उपचार किया गया।



एक लॉज चलाने वाले रॉन डेनियलसन ने बताया कि मैंने हादसे की आवाज सुनी और क्षेत्र में काले धुएं का गुबार भर गया। ऐसा लग रहा था जैसे आप अपना सिर बास ड्रम में डाल दें और कोई उसे पूरी ताकत से पीट दे। एफएए के रिकॉर्ड के मुताबिक यह विमान 2011 में बनाया गया था और इसका स्वामित्व वॉशिंगटन के पुलमैन स्थित मीटर स्काई एलएलसी के पास है। विमानन सुरक्षा सलाहकार जेफ गुजेट्टी ने कहा कि सामान्य विमानन में वर्ष में कई बार ऐसी घटनाएं होती हैं, जिनमें विमान खड़े एयरक्रॉफ्ट से टकरा जाते हैं।

**अमेरिका के मोंटाना हवाई अड्डे पर उतरते वक्त एक छोटा विमान यहां खड़े एयरक्राफ्ट से टकरा गया। इससे विमान में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद आसमान में धुएं का गुबार दिखा। आग लगने की सूचना पर पहुंची टीम ने बचाव कार्य तेज कर दिया। हालांकि विमान में सवार किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई है**

इससे पहले फरवरी में मोटली क्रू गायक विंस नील की एक लीयरजेट कार स्कॉट्सडेल, एरिजोना में एक रनवे से फिसलकर एक खड़ी गल्फस्ट्रीम ट्रेन से टकरा गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। एनटीएसबी ने कहा कि दुर्घटना लैंडिंग गियर को हुए पहले के नुकसान से संबंधित हो सकती है।

# न्यूयॉर्क के जिला जज का आदेश, ग्रैंड जूरी की प्रतिलिपियों को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के जिला जज ने सोमवार (स्थानीय समयानुसार) अपने तीखे फैसले में कहा कि जेफरी एपस्टीन की पूर्व प्रेमिका गिस्लेन मैक्सवेल पर यौन तस्करी के आरोपों से जुड़ी ग्रैंड जूरी की गुप्त गवाही की प्रतिलिपियां सार्वजनिक नहीं की जाएंगी। जज ने यह भी कहा कि न्याय विभाग द्वारा उन्हें सार्वजनिक करने का असली मकसद पारदर्शिता के भ्रम से जनता को मूर्ख बनाना था।



जज पॉल ए. एंजेलमेयर ने एक लिखित फैसले में कहा कि संघीय कानून कभी भी ग्रैंड जूरी की सामग्री को सार्वजनिक करने की अनुमति नहीं देता है और दस्तावेजों को लापरवाही से सार्वजनिक करना एक बुरा विचार है। जज ने न्याय विभाग के इस तर्क को भी नकार दिया कि ग्रैंड जूरी की सामग्री जारी करने से एपस्टीन और मैक्सवेल के अपराधों के बारे में नई जानकारी सामने आ सकती है। जज ने इस आधार को स्पष्ट रूप से गलत बताया। जज ने कहा- दस्तावेजों में कोई नई जानकारी नहींसरकार ने दस्तावेजों को सार्वजनिक रूप से जारी करने की मांग की थी, लेकिन जज ने दस्तावेजों की निजी तौर पर समीक्षा की और कहा कि इनमें कोई नई जानकारी नहीं है। जो लोग पहले से मैक्सवेल के 2021 के मुकदमे के बारे में जानते हैं, उन्हें इससे कुछ नया नहीं पता चलेगा, बल्कि वे निराश होंगे। किसी और व्यक्ति का नाबालिग के साथ यौन संबंध होने की नहीं हुई पुष्टि जज एंजेलमेयर ने कहा कि इस दस्तावेजों में एपस्टीन और मैक्सवेल के अलावा किसी और व्यक्ति का नाबालिग के साथ यौन संबंध होने की पुष्टि नहीं हुई है। इनमें एपस्टीन या मैक्सवेल के किसी भी मुवक्किल के बारे में न तो चर्चा की गई है।

# अनिल सांवरिया ने ऐसा संवारा नजारा, सभी लोग बोले: विराट कवि सम्मेलन हुआ बहुत ही प्यारा











**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अनिल अग्रवाल सांवरिया वो नाम है जो शहर में सांस्कृतिक, धार्मिक, राष्ट्रवादी और सामाजिक कार्यक्रमों में सबसे आगे बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। वो भाजपा नेता हैं और उनकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि वो पूरी तरह से धर्म-संस्कृति और राष्ट्र के पति समर्पित रहते हैं। कई कार्यक्रम आयोजित कराते हैं और एक तरह से शहर में सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रमों पर जोर देते हैं। सोमवार को उन्होंने कविनगर रामलीला मैदान में बनाए गए जानकी सभागार में एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन का नाम ह्यएक शाम आपके नामह्ल रखा गया था और यहां पर अनिल अग्रवाल सांवरिया की सोच इस कार्यक्रम में परिलक्षित हो रही थी। यहां वो भारतीय कविता की अनुपम परंपरा को इस कार्यक्रम को समर्पित कर चल रहे थे। उन्होंने ह्यएक शाम आपके नाम के साथ ये संदेश भी दिया कि यह कार्यक्रम भारतीय कविता की अनुपम परंपरा को समर्पित एक विशेष संध्या है। जानकी सभागार में ये कार्यक्रम सोमवार ग्यारह अगस्त को शाम पांच बजे से शुरू हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजक और निवेदक अनिल अग्रवाल सांवरिया थे। उन्होंने निमंत्रण पर भी ये कहा था कि शब्दों की स्याही से जज्बात उभरेंगे, हास्य, श्रृंगार और व्यंग्य के रंग बिखरेंगे। कवियों की वाणी में भावनाएं मुस्कुराएंगी। मनोरंजन के साथ संस्कृति भी सजाएंगी। इन शब्दों से ही परिलक्षित हो रहा था कि अनिल अग्रवाल सांवरिया एक शाम कवि सम्मेलन के साथ-साथ उन्होंने भारतीय संस्कृति का संदेश दे दिया। अनिल अग्रवाल सांवरिया ने कवि सम्मेलन में आए सभी लोगों का आभार भी व्यक्त किया।

### सियासत वालों से लेकर धर्म गुरुओं ने की कवि सम्मेलन में भागीदारी

(करंट क्राइम)। अनिल अग्रवाल सांवरिया कवि सम्मेलन का आयोजन करा रहे थे और उनके सम्मेलन में सियासत, धर्म, अध्यात्म सबकुछ नजर आया। सोमवार की शाम ग्यारह अगस्त से जब कवि सम्मेलन शुरू हुआ तो जानकी हॉल खचाखच भरा हुआ था। काव्य प्रेमी चार घंटे तक लगातार खड़े होकर कवि सम्मेलन का आनंद लेते रहे। कवि सम्मेलन में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया पहुंचे, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल पहुंचे, भाजपा नेता पृथ्वी सिंह कसाना पहुंचे तो श्री दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी पहुंचे, आध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा पहुंचे। इसके अलावा समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और एक सफल कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

### इन कवियों ने बिखेरी कवि सम्मेलन में अपनी रचनाओं की छटा

(करंट क्राइम)। एक शाम कवि सम्मेलन के नाम थी और कार्यक्रम में जाने-माने हास्य कवि अरुण जयमिनी पहुंचे हुए थे। मंच संचालन राज कौशिक ने किया। इस कवि सम्मेलन में सुश्री हिमांशी बाबरा, अजहर इकबाल, अनिल अप्रवंशी, सुनहरी लाल तुरंत, वैभव शर्मा, डॉ. ज्योती उपाध्याय और दीपाली जैन जिया ने काव्य पाठ किया। सभी कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

# जिला प्रशासन गाजियाबाद ने हिन्दी भवन में मनाया तिरंगा महोत्सव

## जिला प्रशासन ने किया उत्कृष्ट कार्यक्रम का आयोजन : सुनीता दयाल महापौर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिन्दी भवन, लोहिया नगर गाजियाबाद में जिला प्रशासन गाजियाबाद के द्वारा हर घर तिरंगा के अन्तर्गत तिरंगा महोत्सव, तिरंगा मेला एवं भव्य तिरंगा संगीत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनीता दयाल महापौर नगर निगम गाजियाबाद, मयंक गोयल भाजपा महानगर अध्यक्ष द्वारा शिरक्त की गयी। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर तिरंगा मेला में लगी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया गया। महापौर सुनीता दयाल, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम सिटी विकास कश्यप, जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, चीफ वार्डन सिविल डिफेंस ललित जायसवाल, अनिल अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिला प्रशासन की तरफ से सभी अतिथियों को पौधा व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी गणमान्य का मंच के माध्यम से स्वागत किया गया।

## जिला प्रशासन द्वारा बहुत सुन्दर कार्यक्रम आयोजित किया गया : मयंक गोयल







### अतिथियों ने किया सम्बोधित

करंट क्राइम। सुनीता दयाल महापौर ने कहा कि उन्होंने पूरे हिन्दी भवन व उसके प्रांगण को तिरंगा मय बना दिया है, बहुत ही उत्कृष्ट कार्यक्रम हैं। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के मद्देनजर हम सभी को स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिन वीर—जवानों ने अपनी जान की प्रवाह ना करते हुए हमें आजादी दिलाई है हमें उन्हें कभी नहीं भूलना चाहिए। मंयक गोयल, भाजपा महानगर अध्यक्ष ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम देशभक्ति से भरा हुआ है, जिला प्रशासन द्वारा बहुत सुन्दर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मंच संचालन डॉक्टर पूनम शर्मा द्वारा किया गया।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने की 'संभव' के अंतर्गत जनसुनवाई

## बजरिया से अवैध अतिक्रमण हटाकर डाली गई नई पाइपलाइन शिकायतकर्ता ने बोला, थैंक यू नगर निगम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगातार जन समस्याओं के समाधान पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। संभव दिवस में भी प्राप्त संदर्भों पर कार्यवाही की गई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निगम अधिकारियों सहित संभव में जनसुनवाई की गई जिसमें 23 संदर्भ प्राप्त हुए। प्राप्त संदर्भ में, निर्माण विभाग से 9 शिकायत, स्वास्थ्य विभाग से 6, उद्यान विभाग से 3, अतिक्रमण संबंधित 4 तथा पशु चिकित्सा विभाग से 1 संदर्भ प्राप्त हुआ, नगर आयुक्त द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।



संभव में प्राप्त संदर्भों पर सभी संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई की गई जिसमें से बजरिया क्षेत्र में स्थित रहमत अली का अहाता रेलवे रोड बजरिया की अवैध अतिक्रमण हटाते हुए पानी की पाइपलाइन डालने की शिकायत प्राप्त हुई। नगर आयुक्त द्वारा तत्काल प्रभाव से महाप्रबंधक जल को निर्देशित किया गया टीम ने मौके पर जाकर अवैध अतिक्रमण हटाते हुए पानी की पाइपलाइन नए सिरे से डालते हुए समस्या का समाधान किया। त्वरित कार्यवाही पर गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों की सराहना की गई। नगर आयुक्त द्वारा संबंधित टीम को संभव में प्राप्त होने वाले संदर्भों को तत्काल निश्तरित करने के लिए भी निर्देश दिए गए।

अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, अधिशासी अभियंता निर्माण एसपी मिश्रा, व अन्य संबंधित विभागों की टीम द्वारा संभव दिवस में उपस्थित होकर जन समस्याओं को सुना गया तथा निस्तारण की कार्रवाई कराई गई। शहर से कई पार्षदों द्वारा भी समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों से चर्चा की गई।

करंट क्राइम





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दैनिक करंट के समाचार संपादक दीपक भाटी के जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने के लिए भाजपा के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान पहुंचे। इसके अलावा मुरादनगर के ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी तथा समाज सेवी सतेंद्र सिंह ने भी दीपक भाटी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

# बुध बाजार रोड से शालीमार गार्डन कालीबाड़ी मंदिर मार्ग के नाम का लोकार्पण, कालीबाड़ी की पहल




**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन बंगाली एसोसिएशन (कालीबाड़ी) के तत्वावधान में बुध बाजार रोड से शालीमार गार्डन कालीबाड़ी मंदिर मार्ग के नाम का लोकार्पण संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान तथा वार्ड 80 के पार्षद राहुल शर्मा ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का संचालन गौरव बिस्वास द्वारा किया गया। इस अवसर पर एस.जी.बी.ए. के अध्यक्ष अमित रे, कालीबाड़ी के अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा, चेयरमैन प्रभात चक्रवर्ती, संगठन के अन्य सदस्य सोयबल मुखर्जी, एस.सी. गुप्ता, आनंद चटर्जी, प्रदीप मुखर्जी, आनंद दास, सुमित रॉय, संजॉय गोयल, समीर रंजन दास, रणित हलदर, अमित रॉय व अनिमेष बिस्वास भी उपस्थित रहे। विशेष रूप से, कालीबाड़ी की महिला समिति के सदस्यों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे आयोजन का उत्साह और भी बढ़ गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एस.जी.बी.ए. कालीबाड़ी इस क्षेत्र के विकास और सामाजिक कार्यों में हमेशा सक्रिय रही है तथा भविष्य में भी समाजहित के कार्यों में अग्रसर रहेगी।




क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था नदिया पार के उत्तराखंड वाले ग्रुप में विराजमान? मैं देख रहा था कि यहां पर टेम्पल के लिए कौन ज्यादा करता है इस बात पर छेड़ा हुआ था मैडम भंडारी और मिस्टर कड़ाकोटी में घमासान? कहने वाले ने कहा कि जब यहां पर नहीं संभले हालात फिर मैडम ने छेड़ दी छत पर अवैध लैंटर डाल कर किसी दूसरे समुदाय के व्यक्ति को जगह देने की बात? कहने वाले ने कहा इस घमासान का खूब सुनाई दे रहा है शोर? ना जाने कौन किसको साबित कर रहा है चो...... ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि ऐसे कैसे पकेंगे बृज वाले एरिया के भगवा कमिश्नर मिस्टर रालव के चावल? सुना है उनकी टीम ज्यादा नहीं दे रही है पार्टी के कार्यक्रमों में इंटरेस्ट? कहने वाले ने कहा हमें पता है आप हमारी इस बात पर नहीं करोगे ट्रस्ट? हम तो बस आपसे इतनी ही कहना चाहते हैं बात? आप उठाकर देख लो इस नई वाली टीम के कार्यक्रमों का इतिहास? आज तक इस टीम ने नहीं दी है किसी भी कार्यक्रम में 100 परसेंट अटेंडेंस? अगर 50 परसेंट भी दी हो तो जो आप कहेंगे हम हार जायेंगे साहब?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार की भगवा मैडम कमिश्नर को ना जाने थी किस बात की जल्दबाजी? उनकी जल्दबाजी को देखकर हमें महसूस हो रहा था कि वो अपने स्थानीय मैम्बर मिस्टर त्यागी से नहीं थी किसी बात पर राजी? जिस तिरंगा यात्रा की मिस्टर त्यागी ने 5 बजे बिगुल फूंकने की थी तैयारी? भगवा मैडम कमिश्नर ने उस यात्रा को 4 बजे ही निकालने का कर दिया आदेश जारी? सुना है ऐसा होने से त्यागी जी का दिल हो गया है भारी? क्योंकि उन्होंने जिन लोगों को 5 बजे का निमंत्रण दिया था वो पूछ रहे हैं आखिर क्यों दी गई हमें गलत जानकारी?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं 8 के साथ 9 नंबर वाले वार्ड का केस? यहां पर कुछ ऐसा हुआ कि किंग कुमार का नाराज हो गया किसी बात पर फेस? सुना है किन्हीं मिस्टर नागर ने विशेष रूप से डाला उनकी तिरंगा यात्रा में व्यवधान? कहा प्रमुख नेता आगे रहेंगे बाकी कार्यकर्ता यात्रा में पीछे रहेंगे विराजमान? सुना है किंग कुमार इस बात पर दिख रहे थे नाराज? जैसे वो संदेश दे रहे हों कि हम आपके हैं कौन? करने वाला ये चेहरा कैसे कर रहा है उनके हिसाब में इतना गुणा-भाग? सुना है भगवा कमिश्नर त्यागी ने महसूस की किंग कुमार के दिल में सुलगती हुई ये आग?

क्यों कहा कहने वाले ने कि पहुंचाने वाले ने पहुंचा दी है लखनऊ जाकर 5 क्रान्तिकारी पार्षदों की क्रान्ति की जानकारी? सुना है मामला कुछ लिखित में दिया गया है? जो भविष्य में इन सबकी दावेदारी पर चला सकता है आरी? जानकारी में सरकार के विरूद्ध बिगुल फूंकने का दिया गया है मैटर? पता चला है बहुत ही मजबूती से लिखा गया है इस बारे में लैटर? देखते हैं अब इन पांचों में से किसका मामला बिगड़ेगा और किसका रहेगा बैटर?

क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस तरह पूर्व पार्षद जाकिर भैया नजर आ रहे हैं आजकल भगवाधारियों के साथ? हमें लग रहा है कि साईकिल से हाथ का सफर करते हुए वो कहीं कमल थाम ना लें अपने हाथ? हम देख रहे हैं वैसे भी टैक्स वाली और जल-भराव वाली लड़ाई में भगवाधारियों को भाया है सैफी जी का किरदार? कहीं धीरे-धीरे हौले-हौले वो बना ही ना दें सैफी जी का भाजपा में आने का विचार? कहने वाले ने कहा भगवा वाले जानते हैं कि सैफी जी पूरी शिद्दत से उठाते हैं जब उठाने होते हैं उन्हें अपने विरोधियों के खिलाफ हथियार?

क्यों कहा कहने वाले ने कि यूं ही नहीं है भाजपा के सीनियर नेता पवन गोयल की मेयर सुनीता दयाल से ट्यूनिंग मजबूत? हमने दोनों की बातचीत से निकाला है इस बात का सबूत? हमने जब उनकी बात पर दिया बारीकी से ध्यान? तब हमें पता चला मैडम ने ही तैयार किया था पवन भैया का भाजपा में सक्रियता का प्लान? उन्होंने ही इस क्रान्तिकारी चेहरे की कराई थी भाजपा में शुरूआत? ये ही नतीजा है कि बड़े-बड़े चेहरों के सामने आज मिस्टर गोयल पूरी बुलंदी से उठाते हैं आवाज?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा व्यापारी वैश्य नेताओं में इस वक्त सांवरे-सांवरे से सांवरिया जी की टीआरपी ने पकड़ा हुआ है टॉप? वो लगातार समाजिक कार्यक्रमों को कराकर दे रहे हैं हर दिल में मजबूत दस्तक? कहने वाले ने कहा अब हमें उनके आने वाले इरादों का तो पता नहीं? मगर हम इतना जरूर कह सकते हैं जब आयेगी विधानसभा चुनाव की बात? तब वैश्य चेहरों में काफी मजबूत होगा उनका मस्तक? हमें पता है द यूनियन वाले उनकी इस सक्रियता को कर रहे हैं गंभीरता से नोट? देख लेना किसी को तो कष्ट देगी भविष्य में उनकी ये गुम चोट?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारे सांसद अतुल गर्ग जी ने उठाई है स्वानों को शेल्टर होम में पहुंचाने की बात? मगर हम देख रहे हैं सांसद जी की आवाज के विपरीत सुनाई दे रहे हैं हमको कुछ भाजपा नेताओं के ही अल्फाज? हो रही है इस बात की चर्चा? युवा आशुतोष, मैडम चंदेला और मैडम त्यागी ने खोला हुआ है सुप्रीम आदेश के खिलाफ मोर्चा? देखना अब ये है कि ये कब उठायेंगे गर्ग साहब की आवाज के खिलाफ आवाज? या फिर दिये की फड़फड़ाती लौ की तरह बुझने वाले देखने को मिलेंगे हालात?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता चला है भगवा रेड फेस मैन ने लखनऊ में दी हुई है इस वक्त मजबूती से दस्तक? बहुत ही बड़े चेहरों के साथ दिखाई दिया है उनका फेस? हमें लग रहा है कि लखनऊ से वो तैयार कर रहे हैं अपना गाजियाबाद वाला मजबूत बेस? उनके दोनों प्रिय विधायक इस वक्त हैं लखनऊ में ही मौजूद? कहने वाले ने कहा ये दोनों यादव जी के लिए कुछ बड़ा कर रहे हैं? हमें मिले हैं इस बात के सबूत?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।